



## तृतीय चंद्रघंटा



मां दुर्गा की तीसरी शक्ति हैं चंद्रघंटा। नवरात्र में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा- आराधना की जाती है। देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इसीलिए कहा जाता है कि हमें निरंतर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखकर साधना करना चाहिए। देवी चंद्रघण्टा की पूजा से शुक्र ग्रह का प्रभाव बढ़ता है।
बीज मंत्र...
**माँ चन्द्रघंटा: ऐं श्रीं शक्तयै नम:**

# तेज रफ्तार बाइक कंटेनर में घुसी युवक की मौत, युवती हुई घायल

## मंदिर से लौटते समय कोतवाली क्षेत्र के बछज्जापुर गांव के पास हुआ भीषण हादसा

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** मंदिर से दर्शन करके घर जाते समय बाइक सवार हादसे का शिकार हो गए। घटना में युवक की मौके पर मौत हो गई जबकि युवती घायल हो गई। युवती को मेडिकल कॉलेज भेजा गया। मौत की खबर सुनते ही भड़के परिजनों ने सड़क पर जाम लगा दिया।



अवधेश की फाइल फोटो।

इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के सपाह गांव निवासी अवधेश (22) अपनी बहन राखी (20) व गांव के ही निवासी धोनी (25) अपनी बहन वर्षा (20) के साथ शुक्रवार को बाइक से सदर कोतवाली क्षेत्र में स्थित माता देवकली के मंदिर में दर्शन करके इंदरगढ़ तिर्वा मार्ग से वापस घर जा रहे थे।

अवधेश की बाइक पर वर्षा जबकि धोनी की बाइक पर राखी बैठी थी। अवधेश कोतवाली क्षेत्र के बछज्जापुर गांव के पास पहुंचा तो सामने से आ रहे तेज रफ़्तार कंटेनर से टकरा गया। हादसे में अवधेश की मौके पर ही मौत हो गई वहीं वर्षा गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों ने घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां हालत नाजुक बनी हुई है। हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों ने सड़क पर जाम लगा दिया ओर कार्रवाई की मांग करने लगें। जानकारी पर सदर सीओ अभिषेक प्रताप, सदर कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह, ठठिया थानाध्यक्ष संजीव कुमार महिला थाना प्रभारी समेत भारी पुलिस बल पहुंच गया। करीब डेढ़ घंटे तक जाम लगा रहा। सीओ व सदर कोतवाल के समझाने पर व कार्रवाई के आश्वासन पर लोगों ने जाम खोल दिया।



घटनास्थल पर जाम लगाए लोगों को समझाते सीओ सिटी अभिषेक प्रताप व सदर कोतवाल जितेंद्र प्रताप। अमृत विचार



क्षतिग्रस्त कंटेनर के नीचे पड़ी मोटरसाइकिल। अमृत विचार

### ट्रक की टक्कर से किसान घायल, हालत गंभीर

**छिबरामऊ।** ग्राम खोजीपुर निवासी किसान अनुराग (46) पुत्र औसान सिंह शुक्रवार दोपहर लगभग 3:00 बजे अपनी बाइक से पूर्वी बाईपास स्थित सरकारी किसान सेवा समिति पर खाद लेने गया था। खाद लेकर लौटते समय पूर्वी बाईपास पर ही पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। अनुराग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों और राहगीरों की मदद से तुरंत सौ शैय्या अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत में राजकीय मेडिकल कॉलेज तिर्वा के लिए रेफर कर दिया।

## डॉक्टर के पास उपचार लेने पहुंची महिला से अभद्रता

**कन्नौज।** जिला अस्पताल में डॉक्टर ने मरीज से अभद्रता कर उसे केबिन से बाहर निकाल दिया। मामले की शिकायत सीएमएस से की गई है।

जिला अस्पताल के डॉक्टर व कर्मचारियों को मरीजों से अच्छे बर्ताव का प्रशिक्षण कोई काम नहीं आ रहा है। शुक्रवार को इसकी बानगी देखने को मिली जब गांव मबई गांव निवासी एक महिला 12 बजे के करीब सर्जन डा. अशोक कुमार प्रियदर्शी के पास सिर में दर्द होने की दिक्कत लेकर पहुंची। आरोप है वह डाक्टर के कक्ष में पहुंची और बताया कि पहले उसके सिर में चोट लग गई थी। तबसे सिर में दर्द रहता है। सीटी स्कैन के लिये लिख दें। इस पर डा. प्रियदर्शी भडक गये और खरी खोटी सुनाते हुए उसे बिना उपचार के ही बाहर निकाल दिया। कहा कि डाक्टर मै हूं आप नहीं। इसके बाद महिला सीएमएस डा. शक्ति बसु के पास पहुंची और शिकायत की। मामले में सीएमएस का कहना था कि महिला उनके पास आई थी। उसने लिखित में शिकायत तो नहीं की है पर डाक्टर पर अभद्रता का आरोप लगाया है। जांच करायेंगे। यदि पुष्टि होती है तो डाक्टर के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।




कंपोजिट स्कूल किनौरा के विद्यार्थी पेंटिंग दिखाते हुए। अमृत विचार

# विश्व गौरैया दिवस पर बच्चों ने ली संरक्षण की शपथ

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- उमर्दा के कंपोजिट विद्यालय किनौरा की छात्रा मानसी प्रथम, मोहिनी द्वितीय व प्रांशी तृतीय स्थान पर आईं

**अमृत विचार।** विकास खंड उमर्दा क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय किनौरा में विश्व गौरैया दिवस मनाया गया। जूनियर कक्षा के विद्यार्थियों को गौरैया के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में छात्रा मानसी प्रथम, मोहिनी द्वितीय व प्रांशी तृतीय स्थान पर आई।

सहायक अध्यापक वैभव राजपूत ने बताया कि विश्व गौरैया दिवस प्रत्येक वर्ष 20 मार्च को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य शहरीकरण, प्रदूषण व कटते पेड़ों की वजह से विलुप्त हो रही गौरैया का संरक्षण करना है। गौरैया पारिस्थितिक संतुलन और जैव विविधता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है जो अब घरों से गायब हो चुकी है। कार्यक्रम में छात्र- छात्राओं ने गौरैया बचाने की शपथ ली। साथ ही कक्षा आठ के विद्यार्थियों मानसी, प्रांशी, काजल, पलक, मोहिनी, नीलम, राखी, रश्मि, अमन, अंकित, सृष्टि ने भी चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। दूसरी ओर डीएफओ डॉ. हेमंत सेठ ने बताया कि कार्यालय कर्मियों को घोसला का वितरण किया गया। साथ ही जागरूकता अभियान चला। 21 मार्च को विश्व वानिकी दिवस पर सदर ब्लॉक क्षेत्र के हरदोई मार्ग पर स्थित राजकीय नर्सरी में कार्यक्रम का आयोजन होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### ग्राम प्रधान अनामिका बनीं प्रदेश सचिव

**तिर्वा।** दिल्ली के अंबेडकर भवन में आयोजित समारोह में भारत सरकार के पंचायती राज विभाग के मंत्री राजीव रंजन ने महिला हितैषी में चयनित कन्नौज के पाला ग्राम सभा की प्रधान डॉ.अनामिका सिंह को महिलाओं के सशक्तिकरण व अन्य विकास कार्यों के लिए सम्मानित किया था। इसके चलते उत्तर प्रदेश ग्रामीण सत्ता पंचायती राज संगठन ने उन्हें प्रदेश सचिव के पद पर मनोनीत किया है।



### बालक की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**तिर्वा।** दो दिन पहले बालक की चाकू से गला काट कर हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। बुधवार की रात कोतवाली के ग्राम कटरा बहसार निवासी 8 साल के बालक की उसके गांव के निवासी बाल अपचारी ने छुरी से गला रेत कर हत्या कर दी थी। मृतक के पिता ने दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार शुक्ला, हेड कांस्टेबल जेपी सिंह, आरक्षी राकेश कुमार की टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी बाल अपचारी को पट्टी गांव के पास बने प्राथमिक स्कूल के पास से गिरफ्तार कर लिया है। हत्या में प्रयुक्त छुरी व रक्तरंजित कपड़े भी बरामद किए गए हैं।

### सामूहिक विवाह आज व 23 मार्च को होगा

**कन्नौज।** शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज में आज मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के शादी व निकाह कराए जाएंगे। इसी महीने 23 तारीख को भी विवाह समारोह होगा। इन कार्यक्रमों में समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण शामिल होंगे। वह शनिवार सुबह 11:30 बजे मकरंदनगर स्थित कनपटियापुर में एक स्कूल का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद दोपहर 12:30 बजे पीएसएम कॉलेज में नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देंगे।

# आलू की फसल में नुकसान हुआ तो किसान ने दे दी जान, कोहराम

संवाददाता सौरिख

- पेट पर लिखा सुसाइड नोट
- पुलिस कर रही मामले की जांच

**अमृत विचार।** आलू की फसल में नुकसान होने पर किसान ने फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजन जीवन की आस में इटावा ले गए लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया।



वेदप्रकाश की फाइल फोटो।

सकरावा क्षेत्र के गांव नगला विशुना निवासी किसान वेद प्रकाश (40) ने गुरुवार दोपहर अपने मकान के कमरे में रस्सी के फंदे से लटक कर जान दे दी। परिवार के लोगों ने देखा तो उसे उतारकर इटावा ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इटावा में ही पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। गांव में उसका अंतिम संस्कार किया गया। अब प्रशासन की जांच रिपोर्ट और परिजनों के दावों के बीच भारी विरोधाभास सामने आ रहा है। एक तरफ जहां परिवार ने 11 बीघा आलू की फसल में नुकसान और 'पेट पर सुसाइड नोट' लिखकर जान देने की बात कही है, वहीं लेखपाल की रिपोर्ट में स्थिति को बिल्कुल सामान्य बताया गया है।

बता दें कि मृतक वेद प्रकाश अपने पीछे पत्नी मंजू देवी, दो विवाहित बेटियों और दो नाबालिग बेटों (15 वर्षीय आशिक और 13 वर्षीय अमन) को छोड़ गया। परिजनों और भतीजे अंकित की मानें तो वेद प्रकाश ने 11 बीघा जमीन में आलू की खेती की थी। दाम गिरने से भारी नुकसान हुआ था, जिसके तनाव में आकर फांसी लगा ली। परिजनों का यह भी कहना था कि मरने से पहले उसने अपने पेट पर सुसाइड नोट लिखा था। घटना स्थल को लेकर भी सवाल है। शुरुआती सूचनाओं में खेत में पेड़ से लटककर जान देने की बात थी, जबकि नई जानकारी के अनुसार मकान के अंदर फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त की।

**प्रशासनिक रिपोर्ट में सिर्फ 4.5 बीघा में था आलू :** इस सनसनीखेज घटना के बाद उप जिलाधिकारी छिबरामऊ ने क्षेत्रीय लेखपाल अमित कुमार से मौके की रिपोर्ट तलब की। इस रिपोर्ट के मुताबिक, मृतक ने 11 बीघा नहीं बल्कि केवल 4.5 बीघा में आलू बोया था। इसमें से तीन बीघा का आलू बेचा जा चुका है और बाकी बचा हुआ कोल्ड स्टोरेज में सुरक्षित रखवा दिया गया है।

## रंजिश में पिता-पुत्र व महिला को घर में घुस कर पीटा

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बालापीर में बुधवार की देरशाम पुरानी रंजिश को लेकर लोगों ने पिता-पुत्र को मारपीट कर घायल कर दिया। बीच बचाव करने पहुंची महिला की भी पिटाई कर दी।

बालापीर निवासी राशिद खान पुत्र शफीक खान ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि बुधवार की देर शाम वह परिजनों के साथ नमाज पढ़कर घर लौट रहा था। रास्ते में घात लगाये बैठे मोहल्ले के ही मुन्ना, रोहित, अन्सार व मुस्ताक ने उसे घेर कर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसके साथ पुत्र सिकन्दर पर सरिया व डन्डों से हमला बोल दिया। वे जान बचाकर अपने घर में घुस गये। हमलावर भी पीछा करते हुये घर में पहुंच गये और मारपीट व तोड़फोड़ शुरू कर दी। बीचबचाव करने पहुंची भतीजी खुशबू व गुल्फिसा की भी पिटाई कर दी। इसके बाद धमकी देते हुये वहां से भाग निकले।

# नहीं लौटाया 12 लाख का कर्ज तो 23 बीघा जमीन की कुर्क

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा व क्षेत्रीय कार्यालय ने की कार्रवाई
- जमीन पर तहसील प्रशासन ने लगाई लाल झंडी

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक (आर्यावर्त बैंक) से कर्ज लेने के बाद ग्रामीण ने उसे लौटाया नहीं। वर्तमान में किसान के ऊपर ब्याज समेत 11 लाख 93 हजार 995 रुपये बकाया है। बैंक के जिम्मेदारों व राजस्वकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर करीब 23 बीघा जमीन कुर्क कर ली। हालांकि ऋणी ने 05 दिन की मोहलत मांगी है।

क्षेत्रीय कार्यालय उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक नकुल अवस्थी ने बताया कि सदर कन्नौज तहसील क्षेत्र के गांव सलेमपुर रमई निवासी राधेश्याम पुत्र रमई ने 15 जनवरी 2019 में कन्नौज शाखा से कृषि लोन लिया था। वर्तमान में राधेश्याम पर 11,93,995 रुपये (ब्याज सहित) बकाएदारी है। लगातार तीन साल से कर्ज की किस्त नहीं दी गईं हैं इसलिए खाता एनपीए घोषित हो गया है। इस वजह से शुक्रवार को कृषि भूमि को खतौनी में कुर्क कर लिया गया। साथ ही तहसील प्रशासन ने खेत पर लाल झंडी लगा दी हैं। किसान ने बकाया राशि जमा करने के लिए 25 मार्च तक का समय मांगा गया है। वरिष्ठ प्रबंधक का कहना है कि अगर इस समय तक लोन जमा नहीं किया जाता है तो राधेश्याम की भूमि की नीलामी की कार्रवाई होगी। बताया जा रहा है कि किसान क्रेडिट कार्ड व ग्रामीण आवास के लिए लोन लिया गया है। जाएगी। इस मौके पर उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक अंशु दुबे, अमीन मनोज, विवेक दुबे एवं तहसील कर्मचारी मौजूद थे।



जमीन कुर्क करने पहुंचे उ.प्र. ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय के वरिष्ठ प्रबंधक नकुल अवस्थी व शाखा के प्रबंधक अंशु दुबे और राजस्वकर्मी। अमृत विचार

## जिले में बूंदाबांदी संग चलीं सर्द हवाएं

**कन्नौज।** महीना चैत्र का चल रहा है लेकिन मौसम का मिजाज ऐसा बदला कि लगा सर्दी फिर से लौट आई है। देर शाम से ठंडी हवाएं चलने लगीं और अगला दिन बादलों के साथ निकला। इसके साथ ही तेज गति से सर्द हवाएं चलने लगीं। इसके बाद दोपहर के समय बूंदाबांदी के साथ रिमझिम बारिश भी होने लगी। इस बदलाव के चलते अधिकतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस लुढ़क गया जबकि न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

कृषि मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव ने बताया कि 18 मार्च को पश्चिमी विक्षोभ बन गया था जिसके चलते उत्तर भारत समेत उत्तरांचल में कई स्थानों पर जोरदार बारिश और ओलावृष्टि भी हुई है। जिसका असर जनपद में दिखाई पड़ा है। आसपास के इलाकों में भी बादल और बूंदाबांदी की स्थिति बनी। बताया कि अधिकतम तापमान 10 डिग्री लुढ़ककर 24 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया जबकि न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पछुआ हवा 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली है।

## दो महिलाएं लापता गुमशुदगी दर्ज

**छिबरामऊ/सौरिख।** बिशनगढ़ थाना क्षेत्र के डेरा जोगी गांव निवासी बीरेंद्र नाथ ने में बताया कि उसकी पत्नी 27 फरवरी की सुबह करीब 8 बजे मजदूरी पर जाने का बहाना बनाकर घर से निकली थी जो वापस नहीं लौटी। इसी तरह नादेमऊ में चौहनापुर निवासी अनिल कुमार ने बताया 18 मार्च को पत्नी पूजा 5 वर्षीय पुत्री वैष्णवी को साथ लेकर बागेश्वर धाम गई थी।शाम को बात करना चाही तो उसका फोन स्विच ऑफ जा रहा था।

# घरों व देवालयों में की मां ब्रह्मचारिणी की आराधना

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** नवरात्र के द्वितीय दिवस पर श्रद्धालुओं ने मां ब्रह्मचारिणी की आरती वंदना कर आराधना की। शुक्रवार को भक्तों ने मां भगवती की द्वितीय शक्ति की पूजा अर्चना की।

भक्तों ने फल, फूल, नारियल, श्रंगार व अन्य पूजा सामग्री चढ़ाकर मां की आरती वंदना की। नगर के जीटी रोड स्थित प्राचीन संतोषी माता मंदिर, श्री राम मंदिर, सर्विस रोड स्थित सती माता मंदिर, प्राचीन काली देवी मंदिर, श्री गंगेश्वर नाथ मंदिर स्थित दुर्गा महोत्सव आदि देवालयों में सुबह से ही भक्तों ने पूजा अर्चना कर आराधना की। जबकि पालिका प्रशासन की ओर से देवालयों के आसपास सफाई कराकर चूना डलवाया गया।



दुर्गा महोत्सव में आरती वंदना कर आराधना करते भक्त। अमृत विचार

- नवरात्र पर देवालयों में लग रहा भक्तों का तांता

## दोबारा पढ़ी गई जुमातुल विदा की नमाज, आज ईद

**छिबरामऊ।** रमजान उल मुबारक के आखिरी जुमा अलविदा की नमाज में अकीदतमंदों का सैलाब उमड़ पड़ा। यह इस रमजान का दूसरा जुमातुल विदा था, क्योंकि पिछले गुरुवार को शव्वाल का चांद न दिखने से रमजान 30 दिनों का पूरा हुआ और जुमातुल विदा की नमाज दो बार हुई। शनिवार को ईद मनाई जाएगी।

पिछले शुक्रवार को भी अलविदा जुमा मनाया गया था, लेकिन चांद नजर न आने के कारण रमजान का एक दिन और बढ़ गया। अलविदा जुमा रमजान की विदाई का प्रतीक है । आखिरी अशरे की इबादत रोजेदारों को जहन्नुम की आग से बचाती है। अलविदा को छोटी ईद भी कहा जाता है, जिसको लेकर अजान से पहले ही मस्जिदें नमाज पढ़ने वालों से भर गईं और बड़ी तादाद में लोग पहुंचे। इस दौरान पुलिस व पीएसी की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। शनिवार को सुबह 8:30 बजे ईदगाह में ईद-उल-फितर की नमाज अदा की जाएगी।

**आयोजन** | प्रदेश सरकार के नौ साल पूरे होने पर हुआ आयोजन

# प्रभारी मंत्री ने गिनाईं प्रदेश सरकार की उपलब्धियां

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार के नौ साल पूरे होने पर उच्च शिक्षा राज्यमंत्री एवं जनपद की प्रभारी मंत्री श्रीमती रजनी तिवारी शुक्रवार को कन्नौज पहुंचीं। यहां कलेक्ट्रेट परिसर में सूचना विभाग द्वारा लगाई गई जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी देखी। इसके बाद सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान नौ साल की योगी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं।

इस अवसर पर बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा गोद भराई कार्यक्रम के तहत बच्चों का अन्नप्रासन भी कराया गया। मंत्री ने बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल चलो अभियान एवं मिड-डे मिल योजना के तहत कठपुतली की प्रस्तुति भी देखी। इसके बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के नौ सालों में कानून व्यवस्था, निवेश, बुनियादी ढांचे, कृषि, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और तकनीक आधारित सुशासन के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश आज भयमुक्त, निवेश अनुकूल और तेज़ी से विकसित होने वाला राज्य बन चुका है। वर्ष 2017 से अब तक प्रदेश में कोई सांप्रदायिक दंगा या जातिगत संघर्ष नहीं हुआ।

मिशन शक्ति, महिला हेल्पलाइन 181, वीमेन पावर लाइन 1090, एंटी रोमियो स्क्वायड और महिला बीट पुलिसिंग के माध्यम से महिला सुरक्षा को मजबूत किया गया है। 19,839 महिला पुलिसकर्मियों की नियुक्ति की गई और 9,172 महिला बीटों का गठन किया गया। महिला एवं बाल अपराधों के निस्तारण में 98.90 प्रतिशत निस्तारण दर के साथ उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्यों में शामिल है। इस दौरान जनपद में आलू उत्पादन की अधिकता व आधारित उद्योग को लेकर मुख्यमंत्री द्वारा केंद्र को पत्र लिखे जाने की जानकारी दी। साथ ही जनपद में चिकित्सकीय सुविधाओं को बढ़ाने को लेकर भी समाधान का भरोसा दिलाया। इससे पहले कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालयों का निरीक्षण भी किया। इस क्रम में खनन अधिकारी संदेश पटेल से उनके कार्य को लेकर जानकारी ली।

इस दौरान जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत, जिलाध्यक्ष भाजपा वीर सिंह भदौरिया, मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. स्वदेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



जिला खनन अधिकारी संदेश पटेल से बात करतीं प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी, साथ में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व भाजपा जिलाध्यक्ष। अमृत विचार



न्यूज ब्रीफ

## रविवार को भी खुलेगा उप निबंधक कार्यालय

**फर्रुखाबाद।** वित्तीय वर्ष के अंतिम माह मार्च में राजस्व बढ़ाने को लेकर प्रशासन सक्रिय नजर आ रहा है। इसी के तहत अब रविवार को भी उप निबंधक कार्यालय खोलने का निर्णय लिया गया है, जहां विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) सहित अन्य पंजीयन कार्य किए जाएंगे। उपनिबंधक सदर फर्रुखाबाद रविकांत ने बताया कि 22 मार्च (रविवार) को भी कार्यालय सामान्य दिनों की तरह खुला रहेगा। इस दिन आमजन अपने विक्रय पत्रों की रजिस्ट्री और अन्य पंजीकरण से जुड़े कार्य आसानी से करा सकेंगे। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति से पहले अधिक से अधिक राजस्व संग्रह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। इससे जहां लोगों को अतिरिक्त सुविधा मिलेगी, वहीं लंबित कार्यों का समयबद्ध निस्तारण भी संभव हो सकेगा।

## एंटी रोमियो अभियान से महिलाएं जागरूक

**अमृतपुर।** राजेपुर थाना क्षेत्र के कस्बा बाजार में शुक्रवार को मिशन शक्ति और एंटी रोमियो अभियान के तहत महिलाओं को जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देश पर आयोजित किया गया था। दोपहर करीब 12 बजे आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम में महिला पुलिस अधिकारियों ने कस्बा बाजार पहुंचकर महिलाओं और युवतियों को उनकी सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान उन्हें सरकारी हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090, 108 और 112 के बारे में विस्तार से बताया गया। पुलिस ने सलाह दी कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीडन या आपात स्थिति में इन नंबरों पर तुरंत संपर्क किया जा सकता है। महिला पुलिस ने स्पष्ट किया कि एंटी रोमियो टीम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और छात्राओं को सुरक्षित माहौल प्रदान करना है। साथ ही, उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और किसी भी घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया गया।

## धूमधाम से मनाया भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव

**फर्रुखाबाद।** सिंधी समाज ने भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया। प्रातः काल भगवान झूलेलाल का महास्नान के साथ बहिराणा साहब ज्योति जलाई गई। समाज के लोगों ने सिंधीयत नव वर्ष की एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं। भगवान श्री झूलेलाल की शोभायात्रा बहिराणा साहब (अमर ज्योति) को अपने सिर पर रखकर नगर के प्रमुख मार्ग पर गाते बजाते डांडिया नृत्य के साथ पक्का पुल ,किराना बाजार, चौक, रेलवे रोड होती हुई शोभा यात्रा सिंधु मैदान (सिंधी कॉलोनी) पहुंची जगह जगह लोगों ने बहिराणा साहब का स्वागत किया। पुष्प वर्षा एवं यात्रा में शामिल लोगों का स्वागत एवं जलपान कराया गया। सिंधु मैदान (सिंधी कॉलोनी) में पांचाल घाट दुर्वासा आश्रम के महंत ईश्वर दास ब्रह्मचारी ने भगवान श्री झूलेलाल का माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जलन कर सभी को मंगल कामनाओं के साथ आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं एवं समाज सेवियों को साल स्मृति चिन्ह पुष्प एवं मोतियों की माला से अलंकृत किया और दीर्घायु की मंगलकामना के साथ सम्मान दिया ।इस अवसर पर मुखिया आत्माराम दवानी, ईश्वर दास शिवानी, सुंदर दास टाइगर, पंडित संजय शर्मा, रणवीर सिंह परिहार (पूर्व प्रधानाचार्य), डॉक्टर नवनीत गुप्ता, डॉक्टर ज्योति गुप्ता, विमलेश मिश्रा, रजनी लैगवानी, अनिल मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# शीतला माता मन्दिर में चैत्र नवरात्र पर उमड़ रहा श्रद्धा का सैलाब

### शहर के बढ़पुर में स्थित शीतला माता मंदिर का इतिहास लगभग 200 वर्ष पुराना है

संवाददाता फर्रुखाबाद

• गुरुवार शाम से संगीत के साथ भजन सन्ध्या का आयोजन प्रारम्भ

**अमृत विचार।** शहर के मोहल्ला बढ़पुर में स्थित शीतला माता मंदिर का इतिहास लगभग 200 वर्ष पुराना है। जो भी भक्तगण अपनी-अपनी मनोकामना को लेकर लेटकर माता के दर्शन करने जाता है, उसकी मनोकामना पूरी होती है।

बढ़पुर स्थित शीतला माता मन्दिर चैत्र नवरात्र में श्रद्धा का केन्द्र बना हुआ है। रोजाना सुबह-शाम को आरती के बाद प्रसाद का वितरण होता है। मन्दिर में आने वाले भक्तों के लिए मंदिर परिसर में ही पानी की व्यवस्था की गयी है। इस बार भी गुरुवार शाम से संगीत के साथ भजन सन्ध्या का आयोजन प्रारम्भ हो गया है, जिसमें सैकड़ों भक्तगण भजन सुनने आ रहे हैं।

इस मंदिर में लोग बहुत सी मन्नतें मांगते हैं और पूरी भी होती हैं। नवरात्र में सुबह शाम बहुत अधिक भीड़ होती है। इस मंदिर में जिस प्रकार की आस्था दिखाई देती है उससे यही प्रतीत होता है की इस मंदिर में साक्षात मां लोगों को दर्शन दे रही हों। इस मंदिर में 100 वर्ष से पहले बनाये गए घण्टे लगे हुए हैं जिनको लोग पंचायती घण्टा बोलते हैं। एक मान्यता और है मन्दिर के पीछे भवानी नाम का बहुत बड़ा तालाब था। बढ़पुर के पंडित सदानन्द तिवारी रोजाना गंगा स्नान करने जाते थे। उन्हें एक रात शीतला माता का सपना आया कि मैं तालाब के अन्दर हूँ। मेरी मूर्ति तालाब से निकालकर मन्दिर बनवाओ। यह बात सदानन्द ने पुत्तूलाल कटियार, गेंदनलाल कटियार एडवोकेट को बतायी और उनसे मन्दिर बनाने के लिए जमीन मांगी, तो उन लोगों ने जमीन दे दी। लोगों की मदद से श्रद्धा का केन्द्र मन्दिर बनकर तैयार हो गया। मन्दिर परिसर में बच्चों के अन्नप्राशन, मुंडन, कन्या दिखायी आदि के कार्यक्रम चलते रहते हैं।



शीतला माता की मूर्ति।

### डीएम-एसपी ने गुरुगांव देवी मंदिर का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद।** नवरात्रि के अवसर पर जिलाधिकारी डॉ .आशुतोष कुमार द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने नगर क्षेत्र स्थित गुरुगांव देवी मंदिर में आयोजित मेले का निरीक्षण किया। उन्होंने मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया ।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, यातायात प्रबंधन और श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का स्थलीय जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखी जाए। डीएम और एसपी ने पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने तथा भीड़ प्रबंधन के लिए प्रभावी व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। यह भी कहा गया कि संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाए और लगातार गश्त की जाए। इसके अतिरिक्त, मंदिर परिसर और मेले क्षेत्र में नियमित साफ-सफाई बनाए रखने, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय और प्राथमिक उपचार जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए।

# मेरे घर पर विस्फोट राजनीतिक साजिश का नतीजा : दमयंती सिंह

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद की अध्यक्ष दमयंती सिंह ने उनके घर हुए विस्फोट को साजिश का नतीजा बताया है। उन्होंने कहा कि यह सामान्य घटना नहीं है, बल्कि इसके पीछे गहरी साजिश है। उन्होंने कहा कि मकान सीज हो जाने के कारण वे दर-बदर भटकने को मजबूर हैं। शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की।

पूर्व विधायक विजय सिंह की पत्नी दमयंती सिंह ने मीडिया से कहा कि इस समय वे काफी मुसीबत के दौर से गुजर रही हैं। उन्होंने कहा है कि यह हमारी राजनैतिक लड़ाई है, यह सब साजिश के तहत हुआ हुआ है। क्योंकि 12 मार्च 26 को भाजपा विधान परिषद के सदस्य प्रांशुदत्त द्विवेदी के द्वारा डाली गई पिटीशन सुप्रीम कोर्ट में खारिज हुई है। 18 तारीख को पूर्व विधायक विजय सिंह की अपील की सुनवाई थी सुप्रीम कोर्ट में। 17 तारीख की शाम को 7 से 7.30 बजे के बीच यह घटना हुई, यह घटना एक दिन पहले क्यों हुई। यह सब घटना साजिश के तहत हुई है इसमें हमको फंसाया जा रहा है।

दमयंती सिंह का कहना है कि अभी जांच चल रही है इससे पहले ही बच्चों पर मुकदमा लगा दिया गया। हम यह चाहते हैं कि जांच निष्पक्ष तरीके से हो। उन्होंने बताया कि इस घटना के बाद एसपी हमारे घर से जाने के बाद पत्रकार बन्धुओं से बोली भी थीं कि किसी भी तरीके की विस्फोटक व बारुद की कोई महक नहीं आ रही है। हमने जांच में पूरा सहयोग किया, डीएम व एसपी ने जो पूंछा उसके हमने उत्तर दिये, मेरे बच्चे गम्भीर हालत में थे। चूंकि दोनों बच्चे आईसीयू में भर्ती थे इसलिये कुछ भी बता पाने की स्थिति में वह नहीं थे। जब मेरा छोटा बेटा 19 तारीख को होश में आया तो उसने बताया कि मैं घर में लाइट जला रहा था, नीचे तहखाने में गया तो उसको कुछ महक लगी। ईशु भी उसके साथ था दोनों बच्चों ने सिलेन्डर चेक किया फिर सिलेन्डर को ठीक करने के बाद इन लोगों ने माचिस जलाकर देखा कि सब ठीक है। जैसे ही चेक किया वैसे ही धमाका हुआ और दोनों बच्चे सिक्की व ईशु आग में झुलस गये और जान बचाकर तहखाने से बाहर भागे। विक्की व मैया लाल दोनों ऊपर लिन्टर में दबे हुये थे। दमयंती सिंह ने रहस्योद्घाटन किया कि पुलिस मेरे लाइसेंसी राइफल व पिस्टल असलहे ले गई है। मेरे बच्चों के चार मोबाइल व दो टैबलेट भी पुलिस ले गई है। दमयंती सिंह ने दुःख जाहिर करते हुए बताया कि मेरा घर सील कर दिया गया है जिससे मुझे असुविधा हो रही है। मेरे रोज के प्रयोग की सारी वस्तुएं व कपड़े आवास के अन्दर ही सील हैं।



प्रेस वार्ता करतीं दमयंती सिंह।

# अलविदा जुमे की नमाज में की गई मुल्क की खुशहाली की दुआ

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** शुक्रवार को नवरात्रि का दूसरा दिन था तथा माह ए रमजान का अंतिम जुमा भी। सड़कों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। अंतिम जुमे पर जिले की सभी मस्जिदों में मुल्क में अमनो-अमान की दुआएं मांगी गईं। कमालगंज ब्लॉक स्थित जरारी, भडौसा, ईसापुर, सर्फाबाद और नगलाभीका गांवों में अलविदा जुमे की नमाज अदा की गई।


अलविदा जुमे की नमाज के दौरान एक ओर रमजान के अंतिम शुक्रवार को लेकर खुशी का माहौल था, वहीं दूसरी ओर पवित्र माह के समापन की विदाई का भाव भी लोगों में दिखा। नमाज के बाद लोगों ने देश में अमन, चैन और तरक्की के लिए विशेष दुआएं मांगीं। कायमगंज प्रतिनिधि के अनुसार कायमगंज के नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। इस दौरान प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा और सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। सुबह से ही पुलिस बल मुस्तैद था, जिससे कहीं भी अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में नगर की जामा मस्जिद सहित अन्य प्रमुख मस्जिदों का लगातार निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और शांति व भाईचारा बनाए रखने की अपील की।



जामा मस्जिद में नमाज अदा करते रोजेदार। अमृत विचार

## कायमगंज में प्रधान पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री को धमकी देने का आरोप

**कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक आंगनवाड़ी कार्यकत्री ने गांव के पूर्व प्रधान पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीडि़ता का कहना है की पूर्व प्रधान राजेश कुमार उसे अलग-अलग मोबाइल नंबरों से फोन करता था और अश्लील बातें करके परेशान करता था। जब कार्यकत्री ने इन हरकतों का विरोध किया तो आरोपी ने उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। यह मामला केवल फोन तक सीमित नहीं रहा। आरोप है कि बीते 17 मार्च को जब आंगनवाड़ी केंद्र पर राशन का वितरण किया जा रहा था, उस समय भी आरोपी ने फोन करके पीडि़ता के साथ बेहद अभद्र भाषा का प्रयोग किया। पीडि़ता पहले से ही एक गंभीर बीमारी से जूझ रही है आरोपी की इन घिनौनी हरकतों के कारण वह भारी मानसिक तनाव में है। पीडि़ता की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली प्रभारी मदन मोहन चतुर्वेदी ने पूर्व प्रधान राजेश कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया की मामले की गहराई से जांच की जा रही है ।



अहले फ़र्रुख़ाबाद को ईद की खुशियाँ मुबारक हों

अहले फ़र्रुख़ाबाद के पुरमुसर्रत मौके पर दिली मुबारकबाद



डॉ.अनवार अहमद खाँ
डेन्टल सर्जन



डॉ.अहमद हुसैन खाँ
ओरल एंड मैक्सिलोफैशियल सर्जन

### कठिन दौर है गुजर जाएगा

विश्व इस समय युद्ध की विभीषिका से गुजर रहा है, जिसके कारण हमारे मुस्लिम भाईयों की ईद फीकी पड़ रही है, लेकिन परिवर्तन संसार का नियम है और कितना भी कठिन दौर हो गुजर ही जाएगा। मैं अपने फर्रुखाबाद के सभी मुस्लिम भाइयों से अपील करता हूँ कि सब्र का दामन कतई न छोड़ें। ईद की खुशियां मिल-जुल कर मनाएं और अल्लाह-तआला पर अपना विश्वास बनाए रखते हुए दुआ करें कि जल्द ही विश्व में अमन और शांति बहाल हो और रुके हुए व्यापार फिर से शुरू हों। सभी मुस्लिम भाइयों को ईद की खुशियाँ मुबारक हों। -पंकज मिश्रा, मोहनलाल गौड़, मनोज कुमार दीक्षित वरिष्ठ पत्रकार फर्रुखाबाद

अहले फर्रुखाबाद को ईद-मुबारक



हाजी फजल मंसूरी
बसपा नेता, फतेहगढ़, फर्रुखाबाद

# रिश्वत लेने के आरोप में दरोगा-आरक्षी निलंबित

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कायमगंज में भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक ने एक महिला उप-निरीक्षक और आरक्षी चालक को निलंबित कर दिया है।

जानकारी के अनुसार, पीडि़त परिवार ने पुलिस के उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि उनकी 14 वर्षीय भतीजी का गांव के कुछ दबंगों ने अपहरण कर लिया था। इस संबंध में स्थानीय कोतवाली में मुकदमा भी दर्ज कराया गया था। परिवार का आरोप है कि मामले की जांच कर रही उप-निरीक्षक सुधा पाल ने निष्पक्ष विवेचना के नाम पर 25 हजार रुपये की मांग की। मजबूरी में पीडि़त ने उन्हें 7 हजार रुपये दिए, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पीडि़त ने यह भी आरोप लगाया कि रिश्वत देने के बावजूद आरोपी खुलेआम घूमते रहे और परिवार को जान से मारने की धमकियां देते रहे।

वीडियो और शिकायत का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने तत्काल कार्रवाई की। अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो और भ्रष्टाचार के आरोपों को गंभीरता से लेते हुए उप-निरीक्षक सुधा पाल और उनके आरक्षी चालक को निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की विभागीय जांच क्षेत्राधिकारी मोहम्दाबाद को सौंपी गई है और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। एसपी आरती सिंह ने गुरुवार को पुलिस लाइन से उपनिरीक्षक ज्ञान प्रकाश पांडेय, उपनिरीक्षक अंकुर भाटी, उपनिरीक्षक रामनरेश सिंह और उपनिरीक्षक अशोक कुमार को कायमगंज कोतवाली में तैनात किया है।

## छात्र ट्रैक्टर की टक्कर से घायल

**कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार सुबह सड़क हादसे में 12 वर्षीय छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया।

सिनौली निवासी विनोद का पुत्र रोमन महादेवपुर स्थित एक निजी स्कूल में कक्षा 6 का छात्र है। वह रोज की तरह शुक्रवार सुबह अपनी साइकिल से स्कूल जा रहा था। बताया गया है कि स्कूल पहुंचने से कुछ ही दूरी पहले उसकी साइकिल अचानक पंचर हो गई, जिससे उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सडक़ पर गिर पड़ा। इसी दौरान वहां से गुजर रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल रोमन को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज ले जाया गया। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. जितेंद्र बहादुर ने बताया कि छात्र को तत्काल भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया गया है।

अहले फ़र्रुख़ाबाद को ईद की मीठी-मीठी खुशियाँ मुबारक हों



हाजी राजा शमसी
समाजसेवी



मो. ताईफ शमसी
नुमान शमसी
सऊद शमसी



अहले फर्रुखाबाद को ईद-मुबारक



फुरकान खान
सभासद नगर पालिका परिषद एवं व्यापारी नेता

ईद के पुरमुसर्रत मौके पर आप सभी को दिली मुबारकबाद



प्रतिभा अंसारी



पत्नी मो0 यूनुस अंसारी
प्रत्याशी- जिला पंचायत सदस्य, बढ़पुर उत्तरी प्रथम

परेशानी

निजी प्रतिष्ठानों पर शुल्क देकर कराई खून व एक्सरे जांचें

# जिला अस्पताल में दो घंटे बत्ती गुल, भटके मरीज

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

• बिना पूर्व सूचना के जिला अस्पताल की बिजली काटी गई

**अमृत विचार।** बिना पूर्व सूचना के जिला अस्पताल की बिजली दो घंटे से अधिक समय के लिए काट दी गई। इससे मरीज जांच के लिए भटकते रहे। उन्हें निजी पैथॉलाजी व एक्सरे सेंटरों पर पहुंचकर जेब ढीली करनी पड़ी।

बिजली विभाग की लापरवाही का खामियाजा शुक्रवार को जिला अस्पताल पहुंचे मरीजों को भुगतना पडा। पहले तो रजिस्ट्रेशन कराने में समय गया। लाइन में लगकर डॉक्टर को दिखाया तो उन्होंने अल्ट्रासाउंड, एक्सरे या पैथॉलाजी में खून की जांच लिख दीं। वहां पहले से ही खासी भीड़ थी। बताया गया कि 10 बजे से बिजली नहीं आ रही इसलिये जांचें होना संभव नहीं है। प्रतीक्षा करें। बिजली समय से आ जाती है तो जांच हो जायेगी। इससे मरीज भटकते रहे। जब 12 बजे तक बिजली नहीं आई तो कई मरीज मायूस होकर घर चले गये तो कुछ ने निजी सेंटरों का सहारा लिया। दोपहर 12:30 बजे के बाद बिजली आने पर शेष मरीजों कीं जांचें की गईं। अधिशाषी अभियंता मगन सिंह से जब बिजली न आने के संबंध में जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि अभी जानकारी करता हूं। उन्होंने जेई से जानकारी लेकर केबिल बदले जाने की बात बताते हुए आधा घंटे का समय और लगने की जानकारी दी। पूर्व से सूचना न देने पर स्टाफ को फटकार लगाई। दोबारा इस तरह की गलती न करने की चेतावनी भी दी है।



जिला अस्पताल में बिजली न आने से अल्ट्रासाउंड व एक्सरे कराने के लिये बैठे मरीज।

अहले फ़र्रुख़ाबाद को ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद



हाजी तरीक़ अहमद
वरिष्ठ सपा नेता

ताहिर शेख़ इंजीनियर



प्रतिष्ठान :- रशीद कोल्ड स्टोरेज एण्ड एलाइड इण्डस्ट्रीज कमालगंज रशीद एंड सन्स कोल्ड स्टोरेज, जहानगंज फजल कोल्ड स्टोरेज, याकूतगंज, फर्रुखाबाद रशीद रेफ्रीजरेशन प्रा0लि0, छिबरामऊ कन्नौज।

## न्यूज ब्रीफ

### कार की टक्कर से घायल युवक की मौत

**इटावा।** थाना फ्रेंडस कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत विजय नगर रोड पर काली सफारी से कुचलकर घायल हुए दूसरे युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार थाना फ्रेंडस कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत विजय नगर रोड पर कल एक बेकाबू कार ने तीन लोगों को रौंद दिया था, जिसमें गुलाब सिंह की मौत हो गई थी, गम्भीर रूप से घायल वीरू जाटव 42 वर्ष पुत्र विजय सिंह निवासी रामपुर नावली इकदिल पीजीआई सैफई में उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना फ्रेंडस कालोनी पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।

### दुर्घटना में घायल युवक की गई जान

**इटावा।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत डीपीएस के सामने हाईवे पर सड़क दुर्घटना में घायल हुए एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अतुल सिंह भदौरिया 26 वर्ष पुत्र राजू सिंह निवासी गोविंद नगर कानपुर डीपीएस के सामने हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से घायल हो गया था, उसे जिला अस्पताल से पीजीआई सैफई में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना सिविल लाइन पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।

### बिजली गिरने से युवक घायल,भर्ती

**इटावा।** थाना फ्रेंडस कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत सुल्तानपुरा में बिजली गिरने से एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार सुबह आकाशीय बिजली गिरने से कल्लू हलवाई पुत्र मोहन लाल निवासी सुल्तानपुरा फ्रेंडस कालोनी गम्भीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने घायल युवक को उपचार में लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### मारपीट की घटनाओं में तीन लोग जख्मी

**इटावा।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुईं मारपीट की घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए, घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना सैफई क्षेत्र के अंतर्गत तुलसीपुर निवासी रविन्द्र राजपूत पुत्र श्रीराम को दबंगों ने गांव में मारपीट कर घायल कर दिया। थाना भरथना क्षेत्र के अंतर्गत कुसना निवासी गयावती पत्नी राधे श्याम को दबंगों ने गांव में मारपीट कर घायल कर दिया। थाना भरथना क्षेत्र के अंतर्गत हथनोली निवासी जनवेद सिंह पुत्र श्याम स्वरूप को दबंगों ने गांव में मारपीट कर घायल कर दिया।

### पति की कुल्हाड़ी से हत्या के मामले में प्रेमी का पिता गिरफ्तार

**भरथना।** थाना क्षेत्र के गांव पड़ियापुरा में 9 फरवरी को रणवीर सिंह पुत्र लाखन सिंह का खून से लथपथ शव खेतों में बने मकान के बरामदे में मिला था। जांच में सामने आया कि मृतक की पत्नी पूजा ने अपने प्रेमी अर्पित के साथ मिलकर इस जघन्य वारदात को अंजाम दिया था। घटना के बाद दोनों बाइक से फरार हो गए थे। इस मामले में मृतक के भाई प्रदीप कुमार ने थाना भरथना में अपनी भाभी पूजा, उसके प्रेमी अर्पित और अर्पित के पिता सर्वेश कुमार के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने पहले ही मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि आरोपी प्रेमी का पिता सर्वेश कुमार फरार चल रहा था। पुलिस ने सर्वेश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।


प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जाते टीम के सदस्य। अमृत विचार

## प्रतियोगिता के लिए खो खो टीम रवाना

**इटावा।** बिजनौर में होने वाली राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए जिले से बालक और बालिकाओं की टीम रवाना हो गई है। यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता तीन दिन चलेगी और इसमें कई जिलों की टीम प्रतिभाग करेंगी।

पिछले दिनों इस टीम का चयन किया गया था। सह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. मुकेश यादव ने इस टीम को रवाना किया। उन्होंने टीम के सदस्यों का हौसला बढ़ाया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। टीम के साथ कोच धर्मेंद्र, लालू यादव साथ गए हैं। जिला क्रीड़ा सचिव हिमांशु यादव ने बताया है कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बालक और बालिकाओं की टीम के बेहतर प्रदर्शन करने की पूरी संभावना है। इन खिलाड़ियों ने जिला स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करके टीम में अपना स्थान पक्का किया है। टीम की रवानगी के मौके पर रणविजय यादव, विमल कुमार, प्रदीप कुमार, संजय सक्सेना, मनोज कुमार, राणा यादव,मौजूद रहे।

## मधुमक्खियों के हमले में छात्रा घायल, भर्ती

**बकेवर।** लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम दुर्गापुरा में घर के बाहर बिजली की रोशनी में पढ़ रही छात्रा पर बड़ी मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। बिगड़ते देख परिजन उसे 50 शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया।

लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम दुर्गापुरा निवासी करूणेश यादव ने बताया कि उनकी 14 वर्षीय बेटी दृष्टि कक्षा 9में पढ़ती है । उसकी इस समय वार्षिक परीक्षा चल रही है बेटी गुरुवार की देर शाम घर के बाहर बिजली की रोशनी में पढ़ रही थी । तभी बड़ी मधुमक्खी उड़ने लगी और उसे काट लिया जिससे बेटी की हालत बिगड़ने लगी और वह बेहोश हो गई। परिजन उसे इलाज के लिए 50शैया अस्पताल ले गये, जहां चिकित्सक रवीन्द्र शाहू ने भर्ती कर इलाज किया। हालत में सुधार होने के बाद छात्रा को छुट्टी कर घर भेज दिया।

# किसी भी दशा में न हो गैस की ओवररेटिंग : डीएम

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कहा है कि जिले में पेट्रोल, डीजल की कोई भी किल्लत नहीं है। अफवाह पर ध्यान न दिया जाए। उन्होने यह भी कहा कि रसोई गैस की ओवररेटिंग नहीं होनी चाहिए।


गैस एजेंसियों व पेट्रोल पम्प के प्रबंधकों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

गैस एजेंसियों ओर पेट्रोल पम्प प्रबंधकों के साथ बैठक में डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने जिला पूर्ति अधिकारी से कहा कि किसी भी कीमत पर ओवररेटिंग न होने दी जाए। अवैध रिफिलिंग भी नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही जमाखोरी पर विशेष ध्यान दिया जाए। सुरक्षा की व्यवस्था को लेकर एवं वाद विवाद की आशंका होने पर संज्ञान में अवश्य लाया जाए जिससे समय रहते समस्या का समाधान किया जा सके। उन्होंने बताया कि सभी पेट्रोल पम्प पर सीसीटीवी कैमरे संचालित किए जाएं। डीजल एवं पेट्रोल बोतलों में न दिया जाए, जरूरत के हिसाब से गाड़ियों में ही दिया जाए। कोई व्यक्ति अधिक पेट्रोल या डीजल लेकर जाता है तो उसपर विशेष ध्यान दिया जाए कि कही कालाबाजारी तो नहीं की जा रही है।

- **जिले में डीजल और पेट्रोल की नहीं कोई किल्लत**

जिला पूर्ति अधिकारी सीमा त्रिपाठी ने कहा कि ईकेवाईसी अवश्य कराई जाए, जिन उपभोक्ताओं की ईकेवाईसी नहीं होगी उन्हें बुकिंग करने में समस्या हो सकती है और ओटीपी नहीं आएगा। ऐसा हुआ तो रसोई गैस उन्हें सिलेंडर नहीं मिलेगा।

# पेड़ से टकराई बोलेरो पांच लोगों की गई जान

## करौली से दर्शन कर लौट रहे थे , चित्रहाट के पास हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** आगरा-इटावा मार्ग पर गुरुवार देर रात कैला देवी के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की बेकाबू बोलेरो पेड़ से टकरा गई। हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि ड्राइवर समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलने पर गांव में सनसनी फैल गई।


नगला वर में मृतकों के घर रोते बिलखते लोग। अमृत विचार

इकदिल क्षेत्र के गांव नगला वर निवासी पूर्व फौजी 70 वर्षीय कामता प्रसाद व उनके परिवार के लोग दो गाड़ियों से कैला देवी के दर्शन के लिए 18 मार्च बुधवार को देर शाम करौली राजस्थान गए थे। लौटते समय आगरा जिले के थाना चित्राहट क्षेत्र में 500 मीटर दूर गांव पई के पास गुरुवार देर रात उनकी बोलेरो एक सूखे पेड़ से टकरा गई । इस हादसें में कामता प्रसाद और उनके मझले पुत्र देवेंद्र (35), देवेंद्र की पत्नी सीमा देवी (32), उनकी साढ़े तीन साल की पोती आराध्या, पुत्री नीरज और नाती अभिनव उर्फ ऋषि पुत्र चरन सिंह निवासी प्रतापपुरा, अजीतमल औरैया की मौत हो गई, जबकि उनके बड़े बेटे दीपक का 20 वर्षीय बेटा रिषभ और 17 वर्षीय बेटी रश्मी व आदित्य (13) पुत्र देवेंद्र और औरैया के महेबा गुहानी कला निवासी ड्राइवर अवनीश समेत तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतक के छोटे बेटे नीरज ने बताया कैला देवी मेला को उनकी बेटी आराध्या जाने के लिए तैयार नही थी वह रूठकर कमरे में जा कर सो गई थी लेकिन आराध्या के ताऊ देवेंद्र का उससे लगाव गहरा था उन्होंने कहा अगर बेटी नहीं जायेगी तो हम भी नहीं जायेंगे।

देवी दर्शन के लिए बेटी को जगाकर ले गए। कुछ ही पल में हमारे घर की खुशियां एक हादसे में ही चकना चूर हो गई। मेरा हसता खेलता परिवार एक छड़ में उजड़ गया। तीन घायलों को सैफई मेडिकल कॉलेज भेजा गया । पोस्ट मार्टम के बाद जब एक ही परिवार के पांच शव आए तो कोहराम मच गया। वहां पर मौजूद सभी लोगों की आंखे नम हो गईं।

## दो घरों के ताले तोड़कर लाखों के जेवर व 13 लाख नकदी चोरी

**इटावा।** थाना पछायगांव क्षेत्र के ग्राम जैतपुरा में बृहस्पतिवार रात चोरों ने बंद पड़े दो घरों को निशाना बनाकर पांच लाख के जेवर के अलावा 13.30 लाख रुपये की नकदी पार कर दी। वहीं, पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए और लोगों से पूछताछ की लेकिन चोरों को कुछ पता नहीं चल सका।

कमला देवी पत्नी राजेंद्र प्रसाद कुछ दिन पहले परिवार समेत रिश्तेदारी में गई थी। घर पर ताला पड़ा था। बृहस्पतिवार की रात चोरों ने सूने घर को देख घर में लगे 10 से अधिक ताले और कुंडियां तोड़कर अंदर घुस गए। चोरों ने कमला देवी के घर से सोने चांदी के जेवरात समेत 10 लाख की नकदी पार कर दी। इसके अलावा चोरों ने कमला देवी के देवर प्रदीप के घर से भी सोने-चांदी के जेवरात के साथ करीब 3.30 लाख रुपये नकद पार कर दिये। चोरों ने दोनों घर से करीब पांच लाख के जेवर व 13.30 लाख रुपये की नकदी को पार कर दिया। सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं। थाना प्रभारी सुधीर सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही चोरों को पकड़कर माल बरामद किया जाएगा। साथ ही क्षेत्र में पुलिस की गश्त बढ़ाई जायेगी।

# झपकी आने से ट्रक में घुसा लोडर, दो की मौत

संवाददाता जसवंतनगर इटावा

**अमृत विचार।** शुक्रवार तड़के थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।


दुर्घटनाग्रस्त लोडर। अमृत विचार

शुक्रवार सुबह करीब चार बजे मलाजनी के आगे प्रधान ढाबा के सामने आगरा की तरफ से आ रहा एक लोडर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दुर्घटना की आवाज सुनकर आसपास के ढाबे वाले घटनास्थल पर इकट्ठे हो गए। टक्कर से लोडर चालक संजू पुत्र राजकुमार निवासी ऊंचा अजीतमल और कल्लो पत्नी रामदास निवासी ग्राम पल्लापुर थाना मंगलपुर कानपुर देहात की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि लोडर में सवार ईशु पुत्र संजू,धोनी पुत्र संजू,रामदास पुत्र ललजु निवासी ग्राम पल्लापुर थाना मंगलपुर कानपुर देहात,महादेव पुत्र नमालूम और भगवान दास पुत्र दुर्जन निवासी ग्राम मखोली थाना मूसानगर कानपुर गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी मिलने पर थानाध्यक्ष कमल भाटी मौके पर पहुंचे और घायलों को इलाज हेतु एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। वही लोडर की केबिन में फंसे हादसे में अपनी जान गंवा चुके चालक संजू और कल्लो को कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने बाहर निकाला। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने खाली ट्रक और उसके ड्राइवर को कब्जे में ले लिया है।

- **हादसे के शिकार सभी लोडर से अपने पैतृक गांव वापस लौट रहे थे, पांच लोग हुए घायल**

बताया गया है कि सभी लोडर सवार रेवाड़ी झज्जर हरियाणा में मजदूरी का काम करते हैं और अपने पैतृक गांव ऊंचा अजीतमल जिला औरैया में परिवार की किसी शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे।

## फांसी पर झूले तीन लोग, परिवारों में मचा कोहराम

**इटावा।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर तीन लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटनाओं से मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया।

थाना वैदपुरा क्षेत्र के अंतर्गत उदयनगर में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला सोमवती जाटव 30 वर्ष पत्नी मनोज कुमार ने किसी बात से नाराज होकर गले में फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। थाना ऊसराहार क्षेत्र के अंतर्गत नगला बलसिंह में फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई। नगला बलसिंह निवासी महाराज सिंह उर्फ सिंटू उर्फ बिट्टू 30 वर्ष पुत्र रामौतार ने किसी बात से नाराज होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना पछायगांव क्षेत्र के अंतर्गत जैतपुरा गांव निवासी सोनू 23 वर्ष पुत्र प्रह्लाद ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, हालत नाजुक होने पर उसे पीजीआई सैफई रेफर कर दिया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# झारखंड के राज्यपाल कल लखना आएंगे

संवाददाता बकेवर इटावा

**अमृत विचार।** रविवार 22 मार्च की सुबह 10 बजे लखना के रानी साहिबा का छोटा हाता में तीन सौ वर्ष पुराने महालक्ष्मी महल में हेरिटेज गार्डन का शुभारंभ झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार करेंगे। इस निजी कार्यक्रम को लेकर एडीएम,एसपी ग्रामीण, एसडीएम भर्थना, सीओ भर्थना व थानाध्यक्ष बकेवर ने शुक्रवार की दोपहर कस्बा लखना पहुंचकर निरीक्षण किया।

एडीएम अभिनवरंजन श्रीवास्तव ने इस मौके पर कार्यक्रम स्थल पर उनके रुकने व बैठने सहित अन्य प्रकार की जानकारी प्राप्त करने के साथ वहां पर मौजूद एसडीएम भर्थना काव्या सी ,तहसीलदार भरथना दिलीप सिंह से लोगों की सूची प्राप्त कराने के लिए कहा गया। साथ ही छोटे हाता की सड़क से जाने वाले रास्ते पर पुलिया अधिक ऊंची होने तथा सड़क पर गड्ढे होने के कारण सही कराने के निर्देश दिये। कार्यक्रम आयोजक रविशंकर शुक्ला , रिषभ शंकर शुक्ला ने बताया कि राज्यपाल पहले मां कालिका मां के दर्शन करेंगे इसके बाद महालक्ष्मी महल के 300 वर्ष पुराने हेरिटेज गार्डन का भव्य शुभारंभ करेंगे।

# नव संवत्सर कार्यक्रम मनाया

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** भाविप धर्मार्थ सेवा शाखा द्वारा भारतीय नव वर्ष संवत्सर 2083 का पर्व पक्का बाग स्थित शाखा के सदस्य डॉ. आशीष दीक्षित के प्रतिष्ठान पर बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।


कार्यक्रम में मौजूद धर्मार्थ सेवा शाखा के पदाधिकारी। अमृत विचार

कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर वंदे मातरम् गीत के साथ हुआ। सभी सदस्यों को रोली तिलक लगाकर नव संवत्सर आगमन की बधाई दी गई। इसके बाद शाखा के सदस्यों ने मार्ग से गुजरने वालों का भी रोली तिलक लगाकर अभिनंदन किया ।

इस अवसर पर लालजी रामायणी ने मानस की चौपाइयों का गायन किया। पांचाल प्रांत के दायित्वधारी केके त्रिपाठी, धर्मार्थ शाखा के अध्यक्ष हरिदत्त दीक्षित, सचिव महेश कुमार बाथम, महिला अध्यक्ष सरिता चतुर्वेदी, राजेंद्र कुमार दीक्षित, महेश चंद्र तिवारी अलकापुरी, केके यादव, राजेश वाजपेई, घनश्याम तिवारी, अरविंद गुप्ता, विनोद त्रिपाठी, अवधेश पथिक, कौशल चंद्र चतुर्वेदी, डा. जेके तिवारी, सुधीर मिश्र, अवधेश पचौरी, महावीर चतुर्वेदी, कार्तिकेय शुक्ला, अभय द्विवेदी, संजय सिंह, सपना, खुशी, दिनेश राजपूत, ओम बाथम आदि उपस्थित रहे।

## चेन पुलिंग से रुकी ट्रेन, युवक गिरफ्तार

**भरथना।** शुक्रवार की सुबह रेलवे स्टेशन के पास उस वक्त हड़कंप मच गया, जब तेज रफ्तार से गुजर रही अमृत भारत एक्सप्रेस अचानक रुक गई। बाद में पता चला कि ट्रेन में सवार एक युवक ने चेन पुलिंग कर दी थी। इसी दौरान एक युवक ट्रेन से उतरकर भागने की कोशिश करता हुआ दिखाई दिया, जिसे आरपीएफ ने दौड़कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर युवक के पास से गाजियाबाद से भरथना तक की जनरल क्लास की टिकट बरामद हुई। युवक ने बताया कि वह भरथना का निवासी है। वह गाजियाबाद से ऊंचाहार एक्सप्रेस में सफर कर रहा था, लेकिन आंख लग जाने के कारण कानपुर पहुंच गया। इसके बाद वह भरथना लौटने के लिए गोविंदपुरी जंक्शन से अमृत भारत एक्सप्रेस में सवार हो गया था।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मनिगांव वि0ख0 किशनी जनपद मैनपुरी**

पत्रांक –मनरेगा, योजनांतर्गत दिनांक– 20.03.2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा वित्त योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत मनिगांव विकासखंड किशनी जनपद मैनपुरी आवमुक्त अनुदान के लिए निम्न कार्य कराए जाने हेतु आमंत्रित की जाती है सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत ठेकेदारों आपूर्तिकर्ताओं द्वारा मोहरबंद लिफाफे में निविदा दिनांक 20/03/2026 को समय प्रातः 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं निविदादाता कार्यालय दिवस में प्राप्त कर सकते है तथा दिनांक 27/03/2026 को 12 बजे तक निविदा मूल्य दे कर प्राप्त की जा सकेगी तथा उसी दिन शाम 02:00 बजे से 4:00 बजे तक निविदादाताओं तथा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय दिवस में निविदा खोली जाएगी निविदादाताओं के साथ जमानत राशि के रूप में एफडीआर/नगद के रूप में ग्राम पंचायत सचिव के पद नाम बंधक होना अनिवार्य है।

| क्र. सं. | कार्य/आपूर्ति का नाम | सामग्री की अनु. लागत | धरोहर धनराशि | सामग्री की मात्रा | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्राथमिक पाठशाला से लेकर आमीगाड़ा तक सीसी निर्माण कार्य | 9,37,267 | 2 प्रतिशत | बी0ओ0 क्यू0 | 02 माह |

श्वेता यादव – ग्राम प्रधान अनुज यादव – पंचायत सचिव

त्योहार

रोजेदारों ने नमाज के बाद मुल्क में अमनचैन की दुआ मांगी

# रोजेदारों ने उत्साह से अदा की अलविदा जुमे की नमाज

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** रमजान के अलविदा जुमे की नमाज शहर की विभिन्न मस्जिदों में उत्साह के साथ अदा हुई, मौलानाओं सहित रोजेदारों और मुस्लिम समाज ने नमाज के बाद मुल्क में अमनचैन की दुआ की।

शहर की विभिन्न मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज खुशनुमा माहौल में अदा की गई। शाही मस्जिद, सिग्नल वाली मस्जिद, मस्जिद पंजाबियान कटरा शहाब खां, शाही जामा मस्जिद, मस्जिद पक्का तालाब, मस्जिद गरीब नवाज, मस्जिद इस्लामिया बोर्डिंग, अली कालोनी बाह अड्डा मस्जिद, मस्जिद कचहरी, मस्जिद शाहगंज, मस्जिद कुरैशियान नया शहर, मस्जिद दरगाह वारसी, मस्जिद पचराहा, मस्जिद शेख जलाल, आदि मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से हुई। अंजुमन हैदरी कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शावेज़ नक़वी ने बताया कि शिया समुदाय की घटिया अज़मत अली स्थित जामा मस्जिद पंजतनी में मौलाना अनवारुल हसन जैदी इमामे जुमा इटावा ने अलविदा जुमे की नमाज अदा कराई।


पचारहा मस्जिद में अलविदा जुमे की नमाज पढ़ते लोग। अमृत विचार

शिया समाज ने पहले किबले बैतुल मुकद्दस को इजराइल के कब्जे से आजाद कराने की मांग की। अल्हाज़ कमर अब्बास नकवी, हाजी अरशद मरगूब, हाजी अजीम वारसी, राहत अक़ील, पूर्व चेयरमैन फुरकान अहमद, शावेज़ नक़वी, कारी सरफराज आलम, मौलाना तारिक शम्सी, खादिम अब्बास, प्रधानाचार्य गुफ़रान अहमद, कर्मचारी नेता रिजवान अहमद, तनवीर हसन, मसूद तैमूरी, वाई के शफी, वहाज अली निहाल, जैनुल आबेदीन, शफी अहमद, कासिम अंसारी, सहित नमाजियों ने अल्लाह से मुल्क में अमनचैन की दुआ की। नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रहे।

### ईदगाह में ईद की नमाज आज दो शिफ्ट में होगी

**इटावा।** ईदगाह कमेटी के सेकेटरी डॉ. मोहम्मद अफजाल ने बताया कि ईदगाह में ईद की नमाज आज 21 मार्च दिन शनिवार को दो शिफ्टों में होगी। सुबह 7 .30 बजे मौलाना कमाल उद्दीन अशरफ़ी पेश इमाम ईदगाह व सुबह 8 .30 बजे मौलाना फरहान बरकाती ईद की नमाज़ अदा कराएंगे। उन्होंने बताया कि शासन और जिला प्रशासन के निर्देशों के अनुपालन में ईद की नमाज़ ईदगाह परिसर में ही होगी, कोई भी नमाजी सड़क पर नमाज अदा नहीं करेगा। ईदगाह कमेटी के वालनटियर ईदगाह के बाहर नमाजियों को सड़क पर नमाज अदा करने से रोकने के लिए तैनात रहेंगे। अंजुमन हैदरी कमेटी के उपाध्यक्ष शावेज़ नक़वी ने बताया कि शिया समाज की चाणक्य होटल स्थित ईदगाह में ईद की नमाज सुबह 7 .30 बजे होगी जिसे मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा अदा कराएंगे। नमाज मस्जिद परिसर में अदा होगी। डॉ. मोहम्मद अफ़जाल, अब्दुल हन्नान मंसूरी चांद व शावेज़ नक़वी ने मुस्लिम समाज से आपसी सौहार्द के साथ ईद का पर्व मनाने की अपील की है।

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी–चित्रकूटधाम कर्वी (चित्रकूट)**

पत्रांक –2617 / लेखा/ठेकेदार पंजीकरण/2025–26 दिनांक– 20.03.026

कार्यालय ज्ञाप

वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए क्षेत्र पंचायत चित्रकूटधामकर्वी में संचालित पंचम राज्य वित्त पन्द्रहवा केन्द्रीय वित्त आयोग, सांसद निधि, विधायक निधि, व अन्य निधि में निर्माण कार्य एवं सामग्री आपूर्ति कराये जाने हेतु ठेकेदार / आपूर्तिकर्ता विकास खण्ड चित्रकूटधामकर्दी में दिनांक 21.03.2026 से 31.03.2026 की तिथि तक पंजीकरण / नवीकरण किया जाने हेतु आमंत्रित किये जाते है। दिनांक 31.03.2026 के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा एवं पूर्व के पंजीकरण स्वतः निरस्त समझे जायेगें। ठेकेदार पंजीकरण आवेदन पत्र कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी चित्रकूटधामकर्वी से नि:शुल्क प्राप्त किये जा सकते है, आवेदन पत्रों के साथ आवेदन पत्र पर लिखित अभिलेखों की स्व प्रमाणित सुस्पष्ट छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। नियम एवं अभिलेख की सूची कार्यालय अवधि में कार्यालय से अथवा नोटिस बोर्ड से प्राप्त किया जा सकता है।

(महिमा विद्यार्थी)
खण्ड विकास अधिकारी
चित्रकूटधाम कर्वी

## न्यूज ब्रीफ

### दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

**अयाना।** थानाध्यक्ष जय प्रकाश पाल ने बताया कि शुक्रवार को एसआई अरविंद सिंह ने बरबटपुर में दबिश देकर धर्म सिंह व उसके पिता छुन्नू सिंह को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ जानलेवा हमला व गैर इरादत हत्या के प्रयास के मामले में तारीखों पर न जाने से कोर्ट से वारंट जारी हुआ था। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया है।

### ट्रांसफार्मर के उपकरण चोरी

**कुदरकोट (औरैया)।** कुदरकोट थाना क्षेत्र के गांव वैवाह के मजरा नगला कमले के पास स्थित ईंट-भट्ठे के पास गुरुवार देर रात कुछ अज्ञात चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया। नगला कमले के पास स्थित ईंट-भट्ठे के पास रखे 250 केवीए के ट्रांसफार्मर को काटकर अंदर के उपकरणों को चोरी कर ले गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार रात करीब एक बजे बिजली चली गई और पूरी रात बिजली नहीं आई। सुबह जब ग्रामीण टहलने के लिए बाहर निकले तो गांव के पास स्थित ईंट-भट्ठे के पास रखा 250 केवीए का ट्रांसफार्मर जमीन पर कटा पड़ा था और ट्रांसफार्मर के अंदर भरा लगभग 350 लीटर तेल भी चोरी कर ले गए। ग्रामीणों ने पुलिस को भी घटना की जानकारी दी गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे कुदरकोट थानाध्यक्ष अमर बहादुर सिंह ने मौके पर पहुंच मुआयना किया।

### अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया

**कुदरकोट, औरैया।** थाना क्षेत्र के गांव वैवहा के मजरा नगला कमले के पास स्थित ईट-भट्ठे के पास गुरुवार की देर रात अज्ञात चोरों ने बिजली विभाग को बड़ा नुकसान पहुंचाते हुए 250 केवीए के वितरण ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त कर दिया। बदमाश ट्रांसफार्मर के अंदर से करीब 2 क्विंटल कॉपर कॉइल और लगभग 350 लीटर तेल चोरी कर ले गए, जिससे पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई।मामले को गंभीरता से लेते हुए विद्युत विभाग के अवर अभियंता जितेंद्र कुमार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ कुदरकोट थाना में तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। कुदरकोट थानाध्यक्ष अमर बहादुर सिंह ने बताया कि विद्युत विभाग अवर अभियंता जितेंद्र कुमार ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

### वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**फफूंद (औरैया)।** गुरुवार को नगर के बाईपास पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार युवक घायल हो गया, एम्बुलेंस से सीएचसी दिबियापुर गया। जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कुदरकोट थाना क्षेत्र के गांव मानी कोठी निवासी 29 वर्षीय ऋषि कुमार पुत्र मुनेश कुमार अपनी बाइक से नगर के बाईपास पर बाबा के पुरवा मुहल्ला के सामने पहुंचा तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंम्भीर रूप से घायल हो गया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी दिबियापुर भेजा जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गया।

### मिशन शक्ति प्रभारी हेमलता ने महिलाओं को किया जागरूक

**अछल्दा, औरैया।** मिशन शक्ति अभियान के तहत प्रभारी हेमलता ने क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा व अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर, कानून और आत्मरक्षा के उपायों की जानकारी दी। मिशन शक्ति प्रभारी हेमलता ने कहा कि महिलाएं किसी भी तरह की समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में चुप न रहें, बल्कि तुरंत पुलिस व संबंधित विभाग को सूचना दें। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया।

### 7 वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से झुलसी

**अजीतमल, औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के विलावा गांव में शुक्रवार को एक हादसा हो गया, जहां खेलते समय 7 वर्षीय बच्ची आग के गड्ढे में गिरकर गंभीर रूप से झुलस गई। गांव निवासी गोविंद सिंह की पुत्री धर्मी घर के बाहर अपने साथियों के साथ खेल रही थी। इसी दौरान पास में बने एक गड्ढे में आग जल रही थी। खेलते समय अचानक बच्ची का पैर फिसल गया और वह जलते हुए गड्ढे में जा गिरी। बच्ची को तुरंत सीएचसी अजीतमल ले गए, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार शुरू किया।



फफूंद में नमाज अदा करते नमाजी। अमृत विचार



बेला में नमाज के दौरान मौजूद पुलिस। अमृत विचार



अछल्दा में सुरक्षा की दृष्टि से तैनात पुलिस फोर्स। अमृत विचार

# 30 रोजे पूरे, अलविदा जुमा पर दिखा नमाजियों का हुजूम

## कई वर्षों बाद बना पांच जुमा का संयोग, मुस्लिम समाज में बढ़ी रौनक, दो अलविदा पड़ने से इबादत का मिला एक और मौका

संवाददाता औरैया टीम

**अमृत विचार।** इस वर्ष रमजान माह में एक विशेष धार्मिक संयोग बना, जिसमें अल्लाह की रहमत से इस साल रमज़ान में पांच जुमा पड़े जिसको लेकर मुस्लिम समाज में काफी खुशी देखने को मिली। जबकि 30 रोजे पूरे होने और आखिरी रोजे को एक और अलविदा जुमा पढ़ने का मुस्लिम समाज को मौका मिला। कई साल बाद दो अलविदा जुमा पड़ने का से लोगों में काफी खुशी का माहौल देखा गया। आज ईद को लेकर लोगों में खास उत्साह रहा।

शुक्रवार को अलविदा जुमा की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। नगर स्थित दरगाह पीर बुखारी में शहर काजी औरैया मौलाना सैयद गुलाम अब्दुस्समद चिश्ती ने जामा मस्जिद आस्ताना आलिया समदिया में कारी अय्यूब चिश्ती ने तथा मदीना मस्जिद में हाफिज अदील ने शांतिपूर्ण माहौल में अलविदा जुमा

- **ईद को लेकर खास उत्साह रहा लोगों ने एक दूसरे को दी बधाई**

की नमाज अदा कराई। नमाज के बाद अमन चैन की दुआएं मांगी गईं। वहीं नमाज से पहले उलमाओं ने जकात और ईद के बारे में जानकारी दी। आमतौर पर रमजान में चार जुमे होते हैं, लेकिन इस बार महीने की अवधि और चांद के हिसाब से पांच जुमे पड़ने के कारण रमजान के आखिरी अशरे (दस दिनों) में दो जुमे पड़े हैं, जिन्हें अलविदा जुमा के रूप में खास अहमियत दी गई। इस संयोग को लेकर मुस्लिम समाज में खास उत्साह और इबादत का माहौल देखने को मिला।

धार्मिक जानकारों के अनुसार अलविदा जुमा रमजान के आखिरी दिनों का सबसे महत्वपूर्ण जुमा माना जाता है। इस दिन लोग बड़ी संख्या में मस्जिदों में पहुंचकर नमाज अदा करते हैं और अल्लाह से मगफिरत (माफी) व रहमत की दुआ करते हैं। इस बार दो अलविदा जुमा पड़ने से इबादत का महत्व और भी बढ़ गया और रोजेदारों को रब की जानिब से इबादत करने का एक और दिन मिल गया। जानकारी के अनुसार पता चला कि इससे पहले भी वर्ष 2017 और 2006 में ऐसा संयोग बन चुका है। जब रमजान में पांच जुमे पड़े थे और आखिरी दस दिनों में दो जुमे आए थे।

अलविदा जुमा से पूर्व नमाजियों की भीड़ को मद्देनजर रखते हुए मस्जिदों में साफ-सफाई, रोशनी और पानी की बेहतर व्यवस्था की गई थी। बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है और लोग इबादत के साथ-साथ ईद की तैयारियों में भी व्यस्त नजर आए। मौलाना आबिद चिश्ती ने बताया कि रमजान का आखिरी अशरा जहन्नुम से निजात का होता है, इसलिए इन दिनों में ज्यादा से ज्यादा इबादत, तौबा और जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दो अलविदा जुमा मिलना अल्लाह की खास नेमत है। जिसका फायदा उठाकर हर मुसलमान को अपने गुनाहों की माफी मांगनी चाहिए और ज्यादा से ज्यादा इबादत के और नेकिया हासिल कर लेनी चाहिए। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से मस्जिदों के बाहर पुलिस का पहरा रहा।

बेला संवाददाता के अनुसार थाना बेला क्षेत्र अंतर्गत जुमा अलविदा की नमाज आस्था और भाईचारे के माहौल में अदा की गई। कस्बा एवं ग्रामीण क्षेत्रों के कुल 9 निर्धारित स्थानों पर नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हुई, जहां बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पहुंचकर नमाज अदा की और देश व समाज में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। नमाज के दौरान कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। थानाध्यक्ष गंगा दास गौतम के नेतृत्व मीं पुलिस बल लगातार क्षेत्र में गश्त करता रहा। सभी नमाज स्थलों पर पर्याप्त पुलिस फोर्स तैनात की गई थी, साथ ही संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी गई। ड्रोन व सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी गतिविधियों पर नजर बनाए रखी गई (जहां व्यवस्था उपलब्ध रही)।

प्रशासन द्वारा पहले से ही नमाज स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। नमाज के दौरान यातायात व्यवस्था को भी सुचारू रूप से संचालित किया गया, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्थानीय लोगों और नमाजियों ने भी प्रशासन का भरपूर सहयोग किया और अनुशासन का परिचय देते हुए नमाज अदा की। पूरे आयोजन के दौरान कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली, जिससे प्रशासन ने राहत की सांस ली। थानाध्यक्ष गंगा दास गौतम ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों का सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए अपील की कि आगामी ईद का त्योहार भी आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांति के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। इस दौरान पुलिस और प्रशासन की सजगता तथा आमजन के सहयोग से जुमा अलविदा की नमाज सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

अछल्दा संवाददाता के अनुसार क्षेत्र में रमजान के आखिरी शुक्रवार (अलविदा जुमा) और ईद की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। नमाज को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए।

स्थानीय सराय बाजार की मस्जिदों और पुराना अछल्दा ईदगाह के साथ-साथ नगरिया, मुहम्मदबाद, गुनौली और छछुंद गांवों के आसपास पुलिस बल की तैनाती बढ़ाई गई। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है, और पुलिसकर्मी लगातार गश्त कर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

### मारपीट में पिता, पुत्र समेत बेटी भी घायल

**बेला।** थाना क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न की शिकायत पर बेटी के ससुराल पहुंचे पिता और पुत्र के साथ कथित रूप से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना में पिता-पुत्र सहित बेटी भी घायल हो गई। पीड़ित पिता ने मामले में ससुराल पक्ष के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, इटावा जिले के ऊसराहार थाना क्षेत्र के भरतपुर कला निवासी राजेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री शिखा की शादी मई 2021 में बेला थाना क्षेत्र के टिकनापुर गांव में की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष दहेज से संतुष्ट नहीं था और अतिरिक्त दहेज की मांग करता रहा। पीड़ित के अनुसार, ससुराल पक्ष द्वारा चार पहिया वाहन (बोलेरो) की मांग को लेकर उनकी बेटी को लगातार मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। हाल ही में शिखा ने फोन कर अपने साथ हो रही अभद्रता की जानकारी दी।

सूचना मिलने पर राजेश कुमार अपने पुत्र के साथ टिकनापुर गांव पहुंचे और ससुराल पक्ष से बातचीत करने लगे। इसी दौरान आरोप है कि ससुराल वालों ने उन पर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंची शिखा को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया। घटना में राजेश कुमार और उनके पुत्र को गंभीर चोटें आई हैं। दोनों घायलों का बिधूना व चिचौली स्थित सौ शैया अस्पताल में चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है। जांच की जा रही है।

### मिलावटी मिठाई नष्ट 60 किलो लड्डू जब्त

**अछल्दा, औरैया।** कस्बे के नहर बाजार में गुरुवार दोपहर 3 बजे खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मिठाई की दुकानों पर अचानक छापा मारा। टीम ने एक दुकान की मिठाई को मौके पर ही नष्ट करवाया। इस कार्रवाई के बाद कस्बे के अन्य मिठाई दुकानदार अपनी दुकानें बंद करके मौके से भाग गए।

टीम ने बाइक पर सप्लाई किए जा रहे 60 किलोग्राम लड्डू भी जब्त किए। विभाग ने दुकानदारों को साफ-सफाई और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने की सख्त चेतावनी दी।छापेमारी की खबर फैलते ही अन्य दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गई।

## गौरैया के संरक्षण को लेकर किया जागरूक

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित एक्सेस पब्लिक स्कूल में गौरैया पक्षी के संरक्षण हेतु बच्चों को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष मुहिम के तहत विश्व गौरैया दिवस उत्सव के रूप में बनाया गया । इसमें विद्यालय के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

बच्चों ने गौरैया पक्षी के लिए जरूरी सुरक्षित स्थान पर गौरैया के लिए घोसले बनाए तथा पानी के पात्र की व्यवस्था की ताकि उनके अंडे न गिरें एवं दूसरे पक्षी उन पर हमला न कर सकें। विद्यालय के प्रधानाचार्य गुरमीत ने विलुप्त होती जा रही गौरैया चिड़िया के विषय में बताया कि मोबाइल टावर के रेडिएशन इसकी बड़ी वजह है। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक दीपक ने बच्चों को बताया कि यदि हम लोगों ने पक्षियों के संरक्षण के लिए काम नहीं किया तो मॉरिशस के डोडो पक्षी तथा गिद्ध की तरह ये पक्षी भी विलुप्त हो जाएगा। अतः हम सब को इस के लिए समय-समय पर कुछ ना कुछ कार्य करते रहना होगा।



गौरैया उत्सव मनाते बच्चे। अमृत विचार

### शादी के एक सप्ताह के बाद नव विवाहिता जेवर लेकर फरार

**बिधूना, औरैया।** नव विवाहिता शादी के एक सप्ताह बाद ही अपने मायके से नकदी जेवरात आदि सामान लेकर गायब हो गई। एलपी गढवाना निवासी इंद्रपाल सिंह ने थाना पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसने अपनी पुत्री वंदना कुमारी की शादी 9 मार्च 2026 को शिवम निवासी ग्राम कुशना थाना भरथना जिला इटावा के साथ की थी। चौथी आदि की रस्म के बाद उसकी पुत्री मायके चली आई। 16 मार्च की रात को वह घर में किसी को बताए बिना अपना और अपनी मां का सारा जेवरात एक लाख रुपये नकदी अपने साथ ले गई है।

### समाजसेवी के पिता के निधन पर शोक

**बिधूना (औरैया)।** बिधूना विकास खण्ड की ग्राम पंचायत धरमंगदपुर के गांव लालपुर निवासी समाजसेवी श्यामू कुशवाह के पिता राजबहादुर कुशवाह का शुक्रवार को अचानक हृदयाघात से निधन हो गया।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद – राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 4061/न0पा0प0–राठ/म्यु0सू0/2025–26/ दिनांक: 16.03.2026

**सूचना प्रकाशन**

**(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक/आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण/नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | भवन सं0 | कर निर्धारण /नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती अपर्णा सोनी पत्नी दिनेश कुमार सोनी | श्रीमती प्रकाश देवी पत्नी स्व0 सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल पुत्र मन्नीलाल व धर्मेन्द्र कुमार व मनोज कुमार व रामजी अग्रवाल व अनूप कुमार अग्रवाल पुत्रगण स्व0 सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल | चौबट्टा | 25 | 297 | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद राठ–हमीरपुर




सफाई अभियान के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

### शेरगढ़ घाट पर चला सफाई अभियान

**औरैया।** प्रभागीय वनाधिकारी के निर्देशन में जिला गंगा समिति द्वारा शेरगढ़ घाट पर गंगा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अनूप गुप्ता ने नदियों और पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों से इसमें सक्रिय भागीदारी की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ नदी ही स्वस्थ जीवन का आधार है। इस अवसर पर क्षेत्रीय वन अधिकारियों एवं वन विभाग के फील्ड स्टाफ ने श्रमदान कर घाट की साफ-सफाई की। नमामि गंगे योजना की जिला परियोजना अधिकारी साक्षी शुक्ला ने बताया कि जिला गंगा समिति औरैया द्वारा नदियों की स्वच्छता बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नदियां भारत की जीवनधारा हैं और उन्हें स्वच्छ रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। नमामि गंगे योजना के तहत केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर नदियों के संरक्षण एवं पुनरुद्धार के लिए कार्य कर रही हैं।

## युवक पर हमला कर नकदी व मोबाइल लेकर भागे बदमाश

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में एक युवक पर जानलेवा हमले और लूट का मामला सामने आया है।

थाना क्षेत्र के मुहम्मदाबाद गांव निवासी अवनीश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 14 मार्च को सुबह करीब 7.30 बजे अपने चाचा कल्लू के साथ बिल्डिंग मटेरियल लेने अछल्दा जा रहा था। जैसे ही वह गांव के बाहर मुहम्मदाबाद चौराहे के पास पहुंचा, तभी सफेद रंग की ईको कार से आए गांव के ही कुछ लोगों ने उसे रोक लिया। आरोप है कि विजय प्रकाश, अरविंद और सीमा समेत दो अज्ञात व्यक्तियों ने गाली-गलौज करते हुए लोहे की रॉड और डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने अवनीश के पास से 31 हजार रुपये नकद और ओप्पो मोबाइल फोन भी छीन लिया। हमले में अवनीश और उसके चाचा दोनों घायल हो गए। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर उन्हें बचाया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायलों को एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अछल्दा ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर अवनीश को सैफई रेफर किया।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद औरैया**

पत्राक: 1356/प्र0लि0–गौशाला/2025–26 दिनांक 19 मार्च, 2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद औरैया के द्वारा संचालित गौशालाओं में भूसा/हरा चारा व दाना की व्यवस्था हेतु सामग्री की दरें निर्धारित करने के लिये निविदायें दिनांक 26.03. 2026 को समय अपरान्ह 2.00 बजे तक आमत्रित की जाती है। निविदायें पालिका में रखें टेण्डर बॉक्स में डाली जायेंगी। जो दिनांक 26.03.2026 को अपरान्ह 4:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र के साथ–साथ 2 प्रतिशत अग्रिम जमानत धनराशि नगर पालिका कोष के खाता सं0 1581104000013420 (IDBI Bank Auraiya) IFSC: IBKL001581 में RTGS/NEFT के माध्यम से जमा करते हुये धनराशि की जमा रशीद की प्रति प्रपत्र के साथ सलग्न करना अनिवार्य है। निविदा आमंत्रित करने की तिथि में किसी कारणवश अवकाश होता है तो उसके अगले दिवस निविदा डाली जायेगी। निविदा सम्बन्धी शर्ते नगर पालिका परिषद औरैया के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। किसी निविदा की प्राप्त दरों को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| क्रम सं0 | आपूर्ति/ कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का मूल्य मय 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 | आपूर्ति करने की समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हरा चारा की आपूर्ति का कार्य | 10,000.00 | 500.00 | वित्तीय वर्ष 2026–27 |
| 2 | भूसा की आपूर्ति का कार्य | 10,000.00 | 500.00 | वित्तीय वर्ष 2026–27 |
| 3 | दाना/खली आपूर्ति का कार्य | 5,000.00 | 200.00 | वित्तीय वर्ष 2026–27 |

**निविदा डालनें हेतु शर्त निम्न प्रकार है–**

1– टेण्डर सबसे कम रेट वाले टेण्डरदाता की दरें स्वीकार की जायेगी किसी भी निविदा दाता की निविदा बिना कारण बतायें स्वीकार/अस्वीकार का अधिकार अद्यौहसताक्षरी में निहित होगा।

2– यदि कार्य राजकीय अनुदान का होगा तो उसका भुगतान उन शासकीय अनुदेशों के अधीन किया जायेगा जिनका शासन ने शासकीय पत्र में अकित किया हैजिसके अनुसार अनुदान दिया गया है।

3– यदि आपूर्ति के समय ऐसी सामग्री जिस पर सरकार ने प्रतिबन्ध रखा हो उसका प्रबन्ध ठेकेदार स्वयं करें निकाय की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

4– ठेकेदार की जमा जमानत धनराशि विततीय वर्ष के अन्त में सन्तोषजनक आपूर्ति होने की दशा में अवमुक्त की जायेगी।

5– नगर पालिका अधिनियम 1916 में आपूर्ति के सम्बन्ध में जो भी प्रावधान अकित है या समय–समय पर शासन उनमें कोई संशोधन करेगा तो वह ठेकेदार पर लागू समझा जायेगा।

6– यदि किसी मामलें में कोई विवाद होगा तो उसका निर्णय अद्यौहसताक्षरी करेगें जिनका अन्तिम निर्णय दोनो पक्षों को मान्य होगा।

7–सशर्त कोई निविदा स्वीकृत नही की जायेंगी।

8–शासनसदेश सं0–609/नौ–92007/249ज/06 दिनांक–26.02.2007 के अनुपालन में निविदा के साथ रू0–100/– व रू0–10/–के स्टाम्प पर स्वघोषणा पत्र सलग्न करना होगा।

**अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद औरैया** — **अध्यक्ष नगर पालिका परिषद औरैया**


आयोजन | बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय पॉलिटेक्निक में भव्य रोजगार मेला आयोजित

# 600 से अधिक अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय पॉलिटेक्निक, हैदरपुर में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला का सफल आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में 20 से अधिक प्रतिष्ठित निजी कंपनियों ने सक्रिय भागीदारी की, जिससे युवाओं को रोजगार के ढेरों अवसर प्राप्त हुए।

मेले में फ्रीडम एग्जीक्यूटिव लिमिटेड, विजन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड, एएस ग्रुप प्राइवेट लिमिटेड, लोहिया कॉर्पोरेशन, रक्षा सुरक्षा, प्रथम फाउंडेशन, टीसीएलपी ग्रुप, वर्धमान टेक्सटाइल्स, ग्रोफास्ट फर्टिलाइजर प्राइवेट लिमिटेड जैसी प्रमुख कंपनियां शामिल हुईं। इन कंपनियों ने विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार और चयन प्रक्रिया आयोजित की।



रोजगार मेला के मौजूद जिम्मेदार। अमृत विचार

रोजगार मेले में लगभग 1500 से अधिक अभ्यर्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इनमें हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक, डिप्लोमा और बी.टेक योग्यता धारक छात्र-छात्राएं शामिल थे। विभिन्न कंपनियों ने साक्षात्कार के बाद लगभग 600 से अधिक अभ्यर्थियों को रोजगार के प्रारंभिक अवसर प्रदान किए, जो युवाओं के लिए एक बड़ी उपलब्धि साबित हुआ। कार्यक्रम में सदर विधायक गुडिया ने मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। उन्होंने युवाओं को ऐसे रोजगार मेलों का अधिक से अधिक लाभ उठाने की सलाह देते हुए कहा कि यह सरकारी और निजी क्षेत्र के प्रयासों से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आयोजकों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि ऐसे मेलों से युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर रोजगार मिल सकता है।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अनूप गुप्ता, जिला सेवायोजन अधिकारी आशीष शुभम चौधरी सहित अन्य संबंधित अधिकारी, शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। जिला सेवायोजन विभाग और पॉलिटेक्निक प्रशासन के इस संयुक्त प्रयास से युवाओं में रोजगार को लेकर नई उम्मीद जगी है। ऐसे आयोजन भविष्य में भी जारी रहने की उम्मीद है, ताकि और अधिक युवा लाभान्वित हो सकें।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला से छेड़छाड़ पर रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा।** थानाक्षेत्र के एक गांव में युवक ने घर में घुसकर महिला के साथ छेड़खानी की। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। एक गांव निवासी पीड़िता ने थाने में दी तहरीर में बताया कि मंगलवार को 8 बजे गांव निवासी गोधन उर्फ छोटू घर में घुस आया और उसके साथ छेड़खानी करने लगा वहीं शोर मचाने पर भाग निकला, पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### किशोरी को भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**बिवांर (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के मवई जार गांव निवासी प्रमोद पुत्र बच्चा कुशवाहा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 15 वर्षीय पुत्री गांव के प्राथमिक विद्यालय में सातवीं कक्षा की छात्रा है। गुरुवार की रात 9:00 बजे करीब पुत्री को अज्ञात युवक बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। पुत्री बिना जानकारी दिए हुए घर से 5000 रुपये व मोबाइल फोन अपने साथ लेकर मकान के पीछे के दरवाजा से चली गई। पुत्री को गायब पाकर रिश्तेदारों में तलाश किए जाने पर सुराग नहीं लग रहा। पिता ने पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की अज्ञात युवक के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर अज्ञात युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### डाई पीने से युवक की हालत गंभीर

**मौदहा (हमीरपुर)।** महोबा जनपद के एक गांव में डाई पीने के बाद एक युवक को गंभीर हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देख उसका प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। महोबा जनपद के ग्राम चमर खन्ना निवासी बुद्धू (45) पुत्र कंधी लाल ने गुरुवार की देर रात अज्ञात कारणों अपने घर में डाई पी ली जिस पर उसकी हालत बिगड़ते देख उसके परिजनों ने उसे आनन फानन सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### दो ग्राम पंचायतों में लगी चौपाल, छह शिकायतें दर्ज

**कुरारा (हमीरपुर)।** विकासखंड क्षेत्र के गिमुहा व मिश्रीपुर मे ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें मौके पर आई 6 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत मिश्रीपुर में सचिव जमाल अहमद की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के राजू ने पीएम किसान सम्मान निधि न मिलने की शिकायत की। जिस पर मौके पर केवाईसी कराया गया। छुट्टन ने नाली निर्माण की शिकायत की। उसकी सफाई कराई गई। रामजीवन ने वृद्धा पेंशन न मिलने की शिकायत की। जिनकी केवाईसी कराई गई। गिमुहा गांव में सचिव विपिन कुमार की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल में तीन शिकायतें आई। जहां ऊषा ने शौचालय न मिलने, नीलम ने परिवार रजिस्टर की नकल न मिलने व शिव नारायण ने आवास की मांग की। ग्राम चौपाल में ग्राम प्रधान, सचिव, कोटेदार, एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी आदि मौजूद रहे।

# बारिश से दलहनी-तिलहनी फसलों की कटाई, कतराई प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** शुक्रवार को सुबह मौसम ने अचानक पलटी मार दी। तेज हवाओं के साथ आसमान में छाए बादलों ने रुक रुककर बारिश शुरू कर दी। अचानक हुई बारिश में कटाई कतराई थम गई है। नुकसान की आशंका से किसान चिंतित हो उठे हैं। शाम तक आसमान में बादलों का डेरा बना रहा। मौसम ने सुबह अचानक पलटी मारी मार्च माह में प्रकृति का यह रूप देखकर किसान हैरान हो गए हैं। तेज हवाओं के साथ रुक-रुक कर दिनभर हुई बारिश ने दलहनी एवं तिलहनी फसलों की कटाई कतराई को रोक दिया है। वहीं बारिश से गेहूं की पकी



खेत पर कटी पड़ी लाही की फसल। अमृत विचार

फसल भी प्रभावित होने की आशंका किसानों को सता रही है। किसान मानसिंह भदौरिया, उदयभान यादव, सुरेश कुमार, प्रदीप गुप्ता, चंद्रपाल, धनीराम साहू, सिराज खान, राजेश द्विवेदी, राधेश्याम तिवारी, भोला तिवारी, भोला सिंह, शनि सिंह, अखिलेश तिवारी आदि ने कहा कि बारिश से अब फसलों को कोई फायदा नहीं है। धूप निकलने पर फसलों को नुकसान पहुंचेगा। पकी खड़ी सरसों, मटर, मसूर, चना, अरहर आदि की फसलों की धूप के बाद फलियां फटने की प्रबल संभावना है।



कृषि विज्ञान केंद्र में चने की फसल को ट्राली में भरते मजदूर। अमृत विचार

**कुरारा संवाददाता के अनुसार :** शुक्रवार को सुबह से रिमझिम बारिश होने से किसानों की खेतों में कटी पड़ी फसलें भींग गई। जिससे हार्वेस्टिंग का कार्य रुक गया। वहीं स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र में कटी पड़ी चने की फसल को सुरक्षित स्थान पर रखवाया जा रहा है। विकासखंड क्षेत्र में शुक्रवार को तड़के से ही हल्की बूंदाबांदी होने लगी जिससे किसानों के खेतों पर कटी पड़ी मटर, मसूर, चना फसल की हार्वेस्टिंग रुक गई। जखेला गांव के किसान मनोज कुमार, जल्ला गांव के देवलाल ने बताया कि 10 बीघा की मटर फसल खेत में कटी पड़ी है। शुक्रवार को हार्वेस्टिंग करवानी थी लेकिन बारिश ने हार्वेस्टिंग काम रोक दिया। कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक डॉ. एनके यादव ने बताया कि 24 घंटे मौसम खराब होने के कारण 11 एमएम बारिश होने की संभावना है।

### गैस संकट कम, डोर टू-डोर सप्लाई चालू

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** गैस सिलेंडर आपूर्ति का कस्बे में संकट धीरे-धीरे कम होने लगा है। शुक्रवार को कस्बे में पूर्व की भांति डोर टू डोर सप्लाई पहुंचाने का कार्य प्रारंभ कराया गया है। इससे कस्बा वासियों ने राहत महसूस की है।

मध्य एशिया में चल रहे युद्ध के बाद कस्बे में खड़ा हुआ गैस सिलेंडर आपूर्ति का संकट खत्म होने लगा है। पिछले 10 दिनों से ठप चल रही डोर टू डोर आपूर्ति शुक्रवार को पुनः शुरू करा दी गई है। गैस सिलेंडर की गाड़ियां सभी वार्डों में पूर्व की भांति पहुंचने पर कस्बावासियों ने राहत की सांस ली है। गैस एजेंसी संचालक अखिलेश पालीवाल ने बताया कि गैस का कोई संकट नहीं है।

# नदी किनारे मरणासन्न मिला युवक इलाज के दौरान मौत, हत्या की रिपोर्ट

## पूर्व डीआईजी का था भतीजा, पत्नी ने तीन लोगों के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत पतारा के मजरा केवटरा गांव में बेतवा नदी किनारे खेरापति मंदिर के पास मरणासन्न हालत में युवक पड़ा मिला। जानकारी होने पर परिजन उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर गए। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने कानपुर रेफर कर दिया था। उपचार के दौरान मौत हो गई। शुक्रवार को मृतक के चाचा पूर्व डीआईजी मैयादीन कर्णधार के नेतृत्व में मृतक की पत्नी व आधा सैकड़ा महिला पुरुषों ने थाने पहुंच कर तीन नामजद आरोपियों व अन्य के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है।



सरजू।

थानाक्षेत्र के पतारा ग्राम पंचायत के मजरा केवटरा गांव निवासी सरजू प्रसाद (35) की पत्नी गुड्डो ने थाने में दी तहरीर में बताया की बीते मंगलवार की रात्रि 11 बजे पति घर में सो रहे थे। तभी गांव का राजा बाबू पुत्र छिद्दू उर्फ छेदालाल बुलाने आया था। इसके बाद पति घर से चले गए। वहीं जब सुबह तक घर नहीं लौटे तो खोजबीन की तो गांव के पास नदी के किनारे खेरापति मंदिर के पास मरणासन्न की स्थिति में गंभीर रूप से घायल पड़े मिले। जिनको उपचार के लिए आनन-फानन जिला अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत में सुधार न होते देख कानपुर हैलट के लिए रेफर कर दिया। वहीं कानपुर हैलट में उपचार के दौरान सरजू की मौत हो गई। युवक अपने पीछे दो पुत्र व एक पुत्री छोड़ गया है। इस घटना से पत्नी व बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है। युवक खेती किसानी करके परिवार का भरण पोषण करता था। शुक्रवार को युवक के चाचा पूर्व डीआईजी मैयादीन कर्णधार आधा सैकड़ा पुरुष महिलाओं के साथ शुक्रवार को थाने पहुंचे। जहां उन्होंने जांच कर आरोपियों को पकड़ने व उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम आसरे सरोज ने बताया कि मृतक की पत्नी की तहरीर पर तीन आरोपी राजा बाबू पुत्र छिद्दू उर्फ छेदालाल, सीताराम पुत्र मनफूल निवासी केवटरा, बब्बू यादव पुत्र तुलसी राम निवासी नैठी व कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।



थाने में बैठे युवक के परिजन व ग्रामीण। अमृत विचार

### मौरंग ले जाने को लेकर हुई थी बहस

- युवक की पत्नी गुड्डो ने बताया कि कुछ माह पूर्व मौरंग माफिया से पति द्वारा गांव के अंदर से मौरंग ले जाने को लेकर बहस हुई थी। तब से मौरंग माफिया पति से बौखलाए हुए थे और मौके की तलाश में थे। मौका पाते ही उन्होंने पति को मरणासन्न की स्थिति में फेंक कर भाग गए।

### मजदूर युवक ने शराब के नशे में लगाई फांसी, मौत

**राठ।** महाराष्ट्र से कमाकर लौटे एक मजदूर युवक ने अज्ञात कारणों के चलते घर में फांसी लगा ली। सुबह जब परिजनों ने युवक को फांसी पर लटका देखा तो होश उड़ गए। पुलिस ने विधिक कार्रवाई की।



अर्मेंद्र।

कोतवाली क्षेत्र के बिहर गांव निवासी अर्मेंद्र अहिरवार (28) पुत्र दुर्गा प्रसाद अहिरवार महाराष्ट्र के औरंगाबाद में एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था। बीते तीन दिन पहले अर्मेंद्र अपने ससुर, पत्नी विनीता और दो बच्चों के साथ गांव लौटा था। राठ में बस से उतारने के बाद विनीता अपने पिता और बच्चों के साथ अपने मायके ममना चली गई थी। अर्मेंद्र के छोटे भाई भूपेंद्र ने बताया कि गुरूवार की रात उसके भाई ने शराब पी और सो गया। रात करीब एक बजे के आसपास उसके फांसी ने कमरे में लगे पंख में साड़ी बांध फांसी लगा ली। सुबह उसकी उसकी मां पानकुंवर ने कमरे का दरवाजा खोला तो अर्मेंद्र फांसी पर लटका हुआ था। फांसी पर लटका देख परिजनों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

# बैंक के काउंटर से रुपये भरा बैग किशोर ने उड़ाया

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**01** लाख रुपये खाते से निकाले थे प्रधानाध्यापक ने

**अमृत विचार।** भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में कैश काउंटर में रखे रुपये से भरे बैग को एक किशोर ने उड़ा दिया। प्रधानाध्यापक उस समय फोन पर बात कर रहे थे। बात खत्म होने के बाद जब प्रधानाध्यापक ने बैग देखा तो गायब था। प्रधानाध्यापक को जब रुपयों से भरा बैग नहीं मिला तो बैंक कर्मियों को घटना की जानकारी दी। वहीं अचानक हुई इस घटना से एसबीआई बैंक में हड़कंप मच गया। घटना के बाद पीड़ित प्रधानाध्यापक ने कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

कस्बे के सिकंदरपुर मोहल्ला निवासी रामकिशन पुत्र खुशहालीराम बताया कि वह पहाड़ी गढ़ी गांव में स्थित जूनियर हाई स्कूल में बतौर प्रधानाध्यापक कार्यरत हैं। बताया कि गुरुवार की शाम करीब पौने चार बजे वह कस्बे में स्थित भारतीय स्टेट बैंक में रुपये निकालने के लिए आए हुए थे। बताया कि रुपये निकालने के बाद उन्होंने रुपये को गिन कर बैग में रख लिए। उसी समय उनके मोबाइल फोन पर फोन आया जिस पर उन्होंने बैग को काउंटर पर रख दिया और फोन पर बात करने लगे। बताया की बात खत्म करने पर जब उन्होंने काउंटर पर देखा तो उनका बैग गायब था। बताया कि बैग में 1 लाख रुपये रखे हुए थे। बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे में बैग चोरी कर रहे किशोर की फोटो भी नजर आ रही है। बताया कि उन्होंने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल राकेश कुमार ने बताया कि घटना का खुलासा किया जाएगा।



घटना की जानकारी देते पीड़ित प्रधानाध्यापक। अमृत विचार

- सीसीटीवी कैमरे में टप्पेबाज की नजर आई फोटो

# बस रोक छात्र के साथ युवती ने की मारपीट

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल की बस रोककर 9वीं के छात्र से मारपीट का मामला सामने आया है। घटना के 24 घंटे बाद भी विद्यालय प्रशासन की ओर से कोई कानूनी कार्रवाई न होने पर अभिभावकों व छात्रों में भय व आक्रोश व्याप्त है। वही पिता की तहरीर पर कोतवाली में युवती के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

जयपुरिया विद्यालय की बस गुरुवार को स्कूल की छुट्टी के बाद छात्र अजितेश त्रिपाठी बस से घर लौट रहा था। इसी दौरान एनएच-34 पर मकरांव के पास परछा निवासी मुईन उद्दीन उर्फ जुम्मू की पुत्री अल्फिसा ने बस रुकवाकर उसमें सवार छात्र का गला दबाकर मारपीट की और गाली-गलौज की। विरोध करने पर बस चालक व परिचालक से भी अभद्रता कर मौके से फरार हो गई। घटना के बाद बस में सवार बच्चों में दहशत फैल गई। वहीं अभिभावकों का आरोप है कि इतनी गंभीर घटना के बावजूद विद्यालय प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। अभिभावकों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि वे बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। प्रधानाचार्या दिव्या बाजपेई का कहना है कि विद्यालय प्रशासन मामले की जांच कर रहा है और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि छात्र के पिता की तहरीर पर मारपीट करने वाली युवती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

# सड़क हादसों में 10 लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसे

**अमृत विचार।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में 10 लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने विधिक कार्रवाई शुरू की है।

मौदहा संवाददाता के अनुसार थानाक्षेत्र सुमेरपुर के ग्राम इंगहोटा निवासी अजय (18) पुत्र राम किशोर व अभिषेक (17) पुत्र राम प्रताप गुरुवार की रात बाइक से गांव जा रहे थे। मकरांव के पास बाइक बाइक फिसलने से घायल हो गए। इसी तरह परछछ निवासी रवि सिंह (28) पुत्र स्व.आदित्य सिंह व देवेंद्र (35) पुत्र गया प्रसाद गुरुवार की शाम बाइक द्वारा अपने गांव जा रहे थे। तभी अरतरा मार्ग पर संतुलन बिगड़ने से दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर घायल हो गए। उधर ग्राम पढ़ोरी डेरा निवासी केसर (70) पत्नी राम लखन को गांव में बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिस पर उसे गंभीर हालत में सीएचसी में भर्ती कराया। वहीं नगर के पूर्वी तरौस निवासी नूरजहां (50) पत्नी निजाम एक सड़क दुर्घटना में घायल होने पर सीएचसी में भर्ती कराया है।

**सुमेरपुर संवाददाता** के अनुसार बिंवार थाना क्षेत्र के मवईजार निवासी देवेंद्र उर्फ पिंटू श्रीवास (33) गांव निवासी अमन श्रीवास (18) के साथ गैस सिलेंडर लेने बाइक से छानी जा रहे थे। शांति सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की समीप छानी की तरफ से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक के परखचे उड़ गये और बाइक चला रहे देवेंद्र उर्फ पिंटू श्रीवास के दोनों हाथ कई जगह से टूट गए तथा बाइक में सिलेंडर पकड़े बैठे युवक अमन के दोनों पैर टूट गए। घटना के बाद स्कार्पियो चालक स्कॉर्पियो को मौके पर छोड़कर पैदल फरार हो गया।

**राठ संवाददाता** के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के उरई रोड नहर बाईपास पर एक सड़क हादसे में बाइक सवार दो किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। कोतवाली क्षेत्र के स्यावरी गांव निवासी कपिल (16) पुत्र करन सिंह और सुभाष पुत्र अनिल कुमार पूजा का सामान खरीदने कस्बे आ रहे थे। उरई रोड नहर बाईपास पर एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कपिल और सुभाष सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सकों ने उनकी नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें आगे के इलाज के लिए नजदीकी मेडिकल कॉलेज रेफर किया।

# दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी माता के स्वरूप की हुई पूजा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन शुक्रवार को देवी भक्तों ने जिले भर के मंदिरों और पंडालों में मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप ब्रह्मचारिणी की श्रद्धा और भक्ति से पूजा अर्चना की।आस्था व भक्ति का संगम मंदिरों में देखने को मिला। भक्त मुरादों को पूरा करने की मनोकामना लिए मां के दरबार में पहुंच रहे है।

चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन शुक्रवार को हाथ में आरती की थाल सजा कर महिलाएं भोर से ही शहर के प्रसिद्ध चौरा देवी, गौरा देवी, शीतला माता मंदिर पहुंच गई। विधि विधान से पूजा अर्चना कर मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप ब्रह्मचारिणी की आरती उतारी। आयोजकों की ओर से मंदिर परिसर की साफ सफाई करा कर मंदिर को भक्तों के लिए तैयार किया गया है। इसी के साथ ही शहर के सुभाष बाजार के सब्जी मंडी में देवी पंडाल को सजाया गया। नवरात्र के दूसरे दिन पूजा अर्चना कर यहां पर मां भगवती के नौ रूपों की प्रतिमा की स्थापना की गई है। पंडाल स्थल के साथ ही पूरे सुभाष बाजार को दुल्हन की तरह सजाया गया है।



सुभाष बाजार में सजा मां का दरबार।

**प्रदर्शन** राठ झांसी रूट पर चलते थे परिचालक, ड्यूटी बदलने से परिचालकों में रोष

# रोडवेज के परिचालकों ने काटा हंगामा

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** राठ डिपो में तैनात दो दर्जन से अधिक परिचालकों को स्टेशन इंचार्ज द्वारा ड्यूटी से हटाने को लेकर परिचालकों ने रोडवेज परिसर में जमकर हंगामा काटा। परिचालकों का कहना था कि स्टेशन इंचार्ज द्वारा भेदभाव किया जा रहा है। दो दर्जन से अधिक परिचालक स्टेशन इंचार्ज के पास पहुंचे और अपनी बात रखी। ड्यूटी से हटाए जाने पर परिचालकों में आक्रोश व्याप्त रहा।

कस्बे के राठ डिपो से झांसी के लिए प्रतिदिन एक दर्जन बसों का संचालन होता है। जिनमें करीब 24 चालक परिचालकों की ड्यूटी लगाई जाती है। गुरुवार की शाम रोडवेज स्टेशन इंचार्ज निखिल कुमार वर्मा ने राठ से झांसी रूट पर चलने वाले परिचालकों की ड्यूटी हटा दी। शुक्रवार की सुबह जब परिचालक डयूटी पर पहुंचे तो डयूटी चार्ज में उनका नाम नहीं था।

जिससे परिचालक भड़क उठे। दोपहर में दो दर्जन से अधिक परिचालकों ने जमकर हंगामा काटा। परिचालक इमरान, शमशाद, प्रीति, अमित सिंह, दिनेश, नौशाद, अभिलाषा, अजाम उल्ला, महेंद्र, शकील, सुहैल, विनोद, धर्मेंद्र, तोहीद, गौतम आदि ने बताया कि उन्हें ड्यूटी से हटाने से पहले स्टेशन इंचार्ज द्वारा न तो कोई जानकारी दी गई और न ही कोई नोटिस दिया गया। वहीं महिला परिचालकों का कहना था कि उनके साथ भेदभाव किया जा रहा है। बताया कि राठ झांसी रूट पर चलने वाले परिचालक पिछले कई सालों से चल रहे थे। उन लोगों की परमानेंट ड्यूटी थी। परिचालकों ने एआरएम आरपी साहू के पास पहुंच कर समस्या रखी।

इस संबंध में एआरएम आरपी साहू का कहना था कि राठ झांसी रूट पर कुछ परिचालकों ने कुछ महीने पहले टिकट की चोरी की थी। बताया कि परिचालकों को दूसरे रूट पर ड्यूटी दी जायेगी। उन्होंने यह भी बताया कि परिचालकों की ड्यूटी और अच्छे कार्य को देखकर धीरे धीरे उन्हें उसी मार्ग पर ड्यूटी लगा दी जायेगी।



ड्यूटी से हटाने से नाराज खड़े झांसी रूट के परिचालक। अमृत विचार

### नेशनल हाईवे में दो ट्रकों की आमने सामने हुई भिड़ंत

**मौदहा(हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के नारायच में गुरुवार शाम को नेशनल हाईवे 34 पर नरायच विद्यालय के पास दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में नरायच निवासी शाहिद बाबू पुत्र महबूब उर्फ घपला की सड़क किनारे खड़ी चार पहिया गाड़ी भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि एक ट्रक पलट गया, जिससे हाईवे पर लंबा जाम लग गया और यातायात बाधित हो गया। सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी राजकुमार पाण्डेय और कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवा कर यातायात को सुचारू कराया। पुलिस के अनुसार इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि या घायल होने की सूचना नहीं है।

# अलविदा जुमा की नमाज अदा ईद की तैयारियों में जुटे लोग

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बा सहित क्षेत्र में शुक्रवार को रमजान के आखिरी जुमा अलविदा की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल संपन्न हुई। अलविदा जुमा को लेकर पुलिस प्रशासन चौकन्ना दिखाई दिया साथ ही डीएम-एसपी ने ईद की नमाज़ को लेकर नगर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

शुक्रवार को पवित्र माह रमजान का अंतिम जुमा (अलविदा) पढ़ा गया, जिसको लेकर सुबह से ही बरस रहे पानी ने माहौल को थोड़ा बदल दिया। वहीं दिन में 1 बजे नगर सहित क्षेत्र की आधा सैकड़ा मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज शांति पूर्वक माहौल में संपन्न हुई। कस्बे की जामा मस्जिद में शहर काजी मौलाना करामत उल्ला, मस्जिद रहमानिया में कारी सनाउल्लाह, मस्जिद कायम कुआं में मस्जिद चौधराना में मौलाना अताउर्रहमान, मस्जिद उपरौस में कारी जमील, मस्जिद गरीब शाह दाता में कारी जाकिर अली, मस्जिद मलिकुआं में मुफ्ती मोहम्मद हातिम, मस्जिद कमराहा में मौलवी मेराजुद्दीन, मस्जिद खानकाह हुसैनगंज में हाजी इफ्तिखार निजामी सहित अन्य मस्जिदों में पेश इमामों के द्वारा अलविदा जुमा की नमाज अदा करवाई गई। सुरक्षा को लेकर मस्जिदों के आसपास पुलिस तैनात रही। जिलाधिकारी घनश्याम मीणा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा ने नगर का भ्रमण कर ईदगाह सहित अन्य मस्जिदों का निरीक्षण किया। अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



मौदहा कस्बे में व्यवस्थाओं का जायजा लेते डीएम व एसपी। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### युवती को ले जाने का मामला दर्ज

**जालौन।** शिक्षा ग्रहण करने के लिए एक युवती अपने चाचा के घर रह रही थी। चाचा के मंदिर जाने के बाद एक युवक उसे घर में अकेली पाकर बहला-फुसलाकर भगा ले गया। युवती के पिता की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली गोहन क्षेत्र के ग्राम निवासी पिता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनकी 20 वर्षीय पुत्री उनके भाई के घर जालौन में रह कर पढ़ाई कर रही थी। मंगलवार 17 मार्च 26 को सुबह 7 बजे उनके भाई ददरौआ सरकार मध्य प्रदेश दर्शन के लिए गये थे। घर में उनकी बेटी अकेली थी। उनकी बेटी को सनी पुत्र सन्तोषी लाल रजक निवासी मुहल्ला धर्मशाला बहला फुसला कर ले गया। उन्होंने बताया कि उसके साथ इस षड्यन्त्र में उसके साथी अंशुल साहू व हर्षित भी शामिल हैं। उनके भाई ने उनकी बेटी को मंगलवार को दोपहर करीब 1 बजे फोन किया तो उसने ने फोन रिसीव किया, परन्तु उसने कोई सन्तोष जनक जवाब नहीं दिया और फोन काट दिया। इसके बाद से उसका फोन बराबर स्विचऑफ आ रहा है। पीड़ित पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी आरोपी तीन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है तथा उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### सीमा प्रारंभ व सीमा समाप्त होने के साइनेज लगाये गये

**चित्रकूट।** नगर पालिका परिषद चित्रकूट धाम के क्षेत्रफल के विस्तारीकरण के पश्चात अब तक ग्रामीण एवं शहरी सीमा को प्रदर्शित करने हेतु साइनेज उपलब्ध नहीं थे। लेकिन अब सीमा प्रारंभ व सीमा समाप्त के साइनेज लगा दिये गये हैं। इसी के चलते जिलाधिकारी चित्रकूट पुलकित गर्ग द्वारा अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद को निर्देशित किया गया था कि शहर के समस्त प्रमुख प्रवेश मार्गों पर "सीमा प्रारंभ" एवं "सीमा समाप्त" के साइनेज स्थापित किए जाएं। उक्त निर्देशों के अनुपालन में नगर पालिका परिषद चित्रकूट धाम द्वारा कर्वी शहर के 9 प्रमुख प्रवेश मार्गों पर रेडियमयुक्त साइनेज स्थापित किए गए हैं। अब इन साइनेज के माध्यम से आम जनमानस एवं चित्रकूट आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को शहर की सीमा की स्पष्ट जानकारी प्राप्त होगी, जिससे आवागमन में सुगमता एवं व्यवस्था में सुधार होगा।

### ट्रैक्टर की चपेट में आकर महिला की मौत

**कालपी जालौन।** चुर्खी थाना क्षेत्र के ग्राम खल्ला में खेतों में काम कर रही महिला ट्रैक्टर की चपेट में आ गयी। उसे जब तक निकाला जाता तब तक उसकी मौत हो गई। महेवा ब्लाक क्षेत्र के खल्ला निवासी किसान ज्ञान सिंह की 55 वर्षीय पत्नी शांति देवी गुरुवार की शाम को ट्रैक्टर से खेतों में कतराई करवा रही थी। तभी अचानक चालक ने ट्रैक्टर पीछे कर दिया। महिला जबतक संभलती तबतक वह ट्रैक्टर के पिछले पहियों की चपेट में आ गई और ट्रैक्टर उसको कुचलते हुए निकल गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। परिजन उसे बेसुध हालत में मेडिकल कॉलेज उरई ले कर पहुंचे। वहां पर मौजूद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला अचानक हुई मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

### साढ़े सात हजार घरों में प्रीपेड मीटर लगे

**कालपी-जालौन।** अब नगर के उपभोक्ता उधार की बिजली का उपभोग नहीं कर सकेंगे। 13 मार्च से विभाग की प्रीपेड भुगतान की व्यवस्था शुरू हो गई है। इससे समय से बकाया भुगतान न करने वालों की बिजली स्वत: गुल हो जा रही है। विद्युत विभाग ने गत वर्ष से नगर में स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू की थी। अवर अभियन्ता सत्य प्रकाश के मुताबिक नगर में लगभग साढ़े नौ हजार उपभोक्ता है, जिसमे अब तक लगभग साढे सात हजार उपभोक्ताओं के घरों पर प्रीपेड मीटर लगाए जा चुके हैं और उपभोक्ताओं को दो माह में बकाया भुगतान करने का समय दिया गया था, जिससे प्रीपेड भुगतान की प्रक्रिया शुरू हो सके। हालांकि फरवरी मे बिल राहत योजना समाप्त हो गई थी और गत 13 मार्च से प्रीपेड व्यवस्था शुरू कर दी गई है। जिसकी वजह से बकाएदार उपभोक्ताओं की बिजली स्वत: गुल हो जा रही है। उपखंड अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह सचान के अनुसार अब प्रीपेड मीटर में बैलेंस नहीं रहा तो उपभोक्ता बिजली का उपभोग नहीं कर सकेंगे। इसलिए सभी उपभोक्ता बकाए को खत्म करने के बाद ही बिजली का उपयोग कर सकेंगे। वहीं प्रीपेड व्यवस्था लागू होने के बाद बकायेदारों उपभोक्ता सकते मे उनकी बिजली गुल हो जा रही है।

# झील के सौन्दर्यीकरण का 85 फीसद कार्य पूर्ण

## मई 2026 में रामनगर झील का कार्य हो जायेगा पूरा

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** वोटिंग फैसिलिटी एवं इको पर्यटन के रूप में तैयार हो रही रामनगर झील का अधिकारियों ने निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने कार्यदाई संस्था को समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि संयुक्त निदेशक, पर्यटन चित्रकूटधाम, सहायक अभियंता ने चित्रकूटधाम तीर्थ विकास परिषद ने सहायक अभियंताओं से रामनगर झील में वोटिंग फैसिलिटी एवं इको पर्यटन के कार्यों का भौतिक सत्यापन कराया। निरीक्षण के दौरान अनिल कुमार सिंह, सहायक परियोजना प्रबन्धक, यूपीएसटीडीसी एवं आर्किटेक्ट हाक मौके पर उपस्थित रहे। निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने बताया कि मेन गेट स्ट्रेचर का कार्य पूर्ण हो गया है तथा पत्थर की फिनिशिंग का कार्य कराया जा रहा है। चिल्ड्रिन पार्क, डस्टबिन, बेंच, चेन लिंग, सोलर लैंप, रिटेनिंग वाल, बायोफिनिशिंग, पैडल मोटर वोट, स्पेलिग वर्क,



झील का निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

गार्डन लाइट के कार्य पूर्ण हो गये हैं। साइन बोर्ड, सेल्फी प्वांइट, चिड़ियों के घोसले, मड टैंक का कार्य प्रगति पर है। टायलेट ब्लांक फिनिशिंग का कार्य जारी है। वहीं जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने निर्देश दिये कि उक्त परियोजना पर युद्धस्तर से कार्य कराते हुए निर्धारित मानक, ड्राइंग डिजाइन व गुणवत्तायुक्त कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण करायें। उन्होंने कार्यदायी विभाग को कड़े निर्देश दिये गये कि उक्त कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही न बरती जाये। सम्बन्धित कार्यदायी विभाग के सहायक परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त परियोजना की लागत 3.56 करोड़ रुपये है। इस परियोजना का लगभग 85 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। उनके द्वारा आश्वासन दिया गया कि मई 2026 में कार्य पूर्ण हो जायेगा।

## एक से चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**इटावा।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के प्रथम चरण का आयोजन जनपद में दिनांक 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक होगा।

सीडीओ डीपी पाल की अध्यक्षता में समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त संबंधित विभागों को शासन द्वारा प्राप्त गाइडलाइन के अनुसार समस्त गतिविधियां ससमय कराने व माइक्रोप्लान समय से उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। नगर विकास विभाग व पंचायतीराज विभाग को उच्च लार्वा घनत्त्व वाले क्षेत्रों में नियमित रूप से साफ-सफाई, कीटनाशक दवाओं का छिड़काव व फागिंग आदि का कार्य कराने के लिये निर्देशित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भूपेश द्विवेदी द्वारा बताया गया कि दस्तक अभियान के दौरान आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्री घर-घर जाकर बुखार के रोगियों क्षय रोग के लक्षण वाले व्यक्तियों व कुपोषित बच्चों आदि की जानकारियां एकत्रित करेंगी। बैठक में समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नोडल अधिकारी, डॉ. जीआर रतमेले, लाल साहब सिंह, आर के सिंह, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक रोहित व्यास, मलेरिया निरीक्षक ज्योति सिंह आदि रहे।

## दो लोगों को तीन-तीन वर्ष का कारावास

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- चहेते प्रत्याशी को वोट दिलाने के लिए ग्रामीणों पर बरसाई थी लाठियां

**अमृत विचार।** लगभग 10 वर्ष पूर्व पंचायत चुनाव के दौरान चहेते प्रत्याशी के पक्ष में मतदान का दबाव बनाने के लिए डकैतों के साथ गांव में जाकर ग्रामीणों को धमकाने और पीटने के मामले में दोषसिद्ध होने पर दो आरोपियों को तीन-तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता गोपालदास ने बताया कि बीती 4 दिसंबर 2015 को तत्कालीन एसपी के निर्देश पर रानीपुर कल्याणगढ़ निवासी मुन्ना त्रिपाठी की तहरीर के आधार पर मानिकपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार बीती रात दस्यु बबली कोल बनकर आठ-दस बदमाश रानीपुर गांव के चुन्नू के घर पहुंचे और दरवाजा खुलवाकर अंदर घुसकर चुनाव चिह्न गदा में वोट डलवाने के लिए गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। बदमाशों ने कोल आदिवासियों के वोट दिलवाने और अन्य सभी प्रत्याशियों को भी चुनाव मैदान से हट जाने की धमकी दी। शिकायतकर्ता के अनुसार बदमाशों द्वारा की गई मारपीट की शिकायत करने के लिए उन्होंने तत्कालीन थाना प्रभारी को फोन किया, किंतु उन्होंने फोन नहीं उठाया और दूसरे दिन सुबह 10 बजे पुलिस पहुंची। इसके चलते शिकायतकर्ता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में दस्यु बबली कोल, लवलेश कोल के अलावा निही गांव के निवासी छोटू उर्फ छोटुवा व नौबस्ता गावं के निवासी चौधरी उर्फ रजोला के विरुद्ध रिपार्ट दर्ज करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

मुकदमें के विचारण के दौरान दस्यु बबली कोल और लवलेश कोल पुलिस मुठभेड में मारे गये थे, जबकि छोटू उर्फ छोटुवा और रजोला जेल में बंद थे। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर छोटू उर्फ छोटुवा और चौधरी उर्फ रजोला को तीन-तीन वर्ष सश्रम कारावास के साथ छह-छह हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

## एसडीएम से की अवैध कब्जे की शिकायत

**जालौन।** कदौरा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम लमसर में आबादी के किनारे खाली पड़ी ग्राम सभा की, जमीन को लेकर दांवपेच शुरू हो गये। शुक्रवार को बड़ी संख्या में तहसील पहुंचे महिलाओं और पुरुषों ने एसडीएम से उक्त जगह से न हटाए जाने का अनुरोध किया। वहीं इससे पहले ग्रामीणों ने जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत की थी।

शुक्रवार को उपजिला अधिकारी मनोज कुमार सिंह के पास पहुंचे लमसर गांव के दलित समुदाय ने ग्राम सभा की जमीन से बेदखल न करने की मांग की है। एसडीएम ने उन्हें जांच कर अपेक्षित कार्यवाही का भरोसा दिया है। वहीं गत कुछ दिनों पहले ग्राम निवासी शिवसेवक यादव ने एसडीएम से शिकायत की थी कि गांव के किनारे बड़ी मात्रा में आवासीय सरकारी भूमि मौजूद है। ग्राम प्रधान और क्षेत्र का लेखपाल मिलकर उक्त भूमि को लोगों से जबरन कब्जा करा रहे हैं, जबकि ग्रामीण नियमानुसार आवासीय पट्टे किए जाने का अनुरोध कर रहे हैं। एसडीएम के अनुसार किसी को भी सरकारी जमीन पर बगैर वैध आवंटन के कब्जे का अधिकार नहीं है। ग्रामीणों ने अवैध कब्जे की शिकायत की थी, जिसपर अवैध कब्जा न किए जाने की हिदायत दी गई है।

## प्रदर्शनी लगाकर बताई प्रदेश सरकार की उपलब्धियां

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर किया आयोजन

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी लगाई गई जो आकर्षण का केंद्र रही।

सूचना विभाग द्वारा राज्य सरकार की नौ वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विधायक अविनाश चंद द्विवेदी द्वारा फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ,जिलाधिकारी पुलकित गर्ग, मुख्य विकास अधिकारी डी पी पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य आदि मौजूद रहे। प्रदेश सरकार के 'नव निर्माण के नौ वर्ष' पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित नौ दिवसीय कार्यक्रम के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न विभागों जैसे श्रम विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, खादी ग्रामोद्योग विभाग, समाज कल्याण विभाग, पंचायतीराज विभाग, सूचना विभाग, कृषि विभाग,बैक, पर्यटन, मत्स्य, उद्यान सहित अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जन सामान्य को जानकारी प्रदान की गयी। वहीं सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी में जन सामान्य को केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों के बारे में जानकारी प्रदान की गयी।

## समन्वय से ही उन्नत होंगे विद्यालय

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** विकासखंड कर्वी के पटेल उत्सव भवन सभागार में विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता और आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों, स्थानीय निकाय के सदस्यों और प्रधानाध्यापकों की सहभागिता रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गुलाब सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी (नगर) प्रवीण दीक्षित एवं एआरपी टीम द्वारा किया गया। कार्यशाला में ऑपरेशन कायाकल्प और डीबीटी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया, साथ ही जनसमुदाय को योजनाओं से जोड़कर सहयोग प्राप्त



कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। अमृत विचार

करने की रणनीति पर चर्चा हुई।

बीईओ प्रवीण दीक्षित ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान एआरपी दिनेश दीक्षित, उपेंद्र शर्मा एवं यामेंद्र दत्त पांडेय द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। दिनेश दीक्षित ने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए ऑपरेशन कायाकल्प के 19 मानकों को शत-प्रतिशत लागू करने तथा डीबीटी योजना से सभी छात्र-छात्राओं को लाभान्वित करने पर बल दिया। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने जनप्रतिनिधियों और ग्राम प्रधानों से विद्यालयों के समग्र विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन अरुण श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर संतोष सिंह, शिवसागर मिश्र, तीरथ प्रसाद, कुलदीप सिंह, राजेश सिंह, इंद्रेश श्रीवास्तव, प्रशांत केशरवानी सहित बेसिक शिक्षा विभाग के अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य के लिए जरूरी है दांतों को साफ रखना

संवाददाता मऊ चित्रकूट

- विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस पर डॉक्टरों ने दी सलाह

**अमृत विचार।** विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आईएमएस बीएचयू के डॉक्टर डेंटिस्ट ऋषभ भार्गव ने दांतों और मुंह की स्वच्छता को संपूर्ण स्वास्थ्य का आधार बताया।



डॉक्टर ऋषभ भार्गव।

आईएमएस बीएचयू के चिकित्सक डॉ. ऋषभ भार्गव ने कहा कि "ओरल हेल्थ केवल मुस्कान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे शरीर के स्वास्थ्य से गहराई से जुड़ी हुई है।"

डॉ. भार्गव ने बताया कि दांतों और मसूड़ों की बीमारियां जैसे कैविटी, पायरिया और मुंह की दुर्गंध कई बार गंभीर रोगों को जन्म दे सकती हैं। उन्होंने विशेष रूप से इन्फेक्टिव एंडोकार्डाइटिस जैसी हृदय संबंधी बीमारी का उल्लेख करते हुए कहा कि खराब मौखिक स्वच्छता से बैक्टीरिया रक्त के माध्यम से हृदय तक पहुंच सकते हैं। उन्होंने बताया कि "मुंह हमारे शरीर का दर्पण है।" कई बार त्वचा रोगों और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के शुरुआती संकेत मौखिक गुहा में दिखाई देने लगते हैं, इसलिए नियमित जांच बेहद आवश्यक है।

## 'चित्रकूट गौरव दिवस' पर रामनवमी को 22 लाख दीपों से जगमग होगी नगरी

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- चित्रकूट गौरव दिवस की तैयारी के संबंध में अधिकारियों, संत महात्माओं की हुई बैठक

**अमृत विचार।** श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर 27 मार्च को चित्रकूट के पूज्य सन्त, सामाजिक संस्थाएं, आम जन, शासन-प्रशासन के साथ मिलकर 'चित्रकूट गौरव दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर पूरे चित्रकूट धाम क्षेत्र को 22 लाख दीपों से सजाया जाएगा।

इस उत्सव के निमित्त चित्रकूट तथा सतना के प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, पूज्य सन्त समाज एवं गणमान्य नागरिकों की एक संयुक्त तैयारी बैठक दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन, चित्रकूट के जिलाधिकारी पुलकित गर्ग एवं सतना के कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मां मंदाकिनी नदी के रामघाट, भरतघाट एवं श्री कामदगिरि परिक्रमा मार्ग (उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश क्षेत्र) में सायंकाल भव्य दीप प्रज्ज्वलन, रंगोली, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा कर बैठक में सहमति बनी कि दोनों राज्यों के क्षेत्र में 11-11 लाख दीप प्रज्ज्वलित किये जायेंगे। साथ ही नगर क्षेत्र के प्रत्येक घर में कम से कम 5 दीपक जलाने का आह्वान किया गया। साथ ही स्थानीय एवं लोक कलाकारों द्वारा विभिन्न विधाओं का प्रदर्शन, बुंदेलखंड की पारंपरिक लोक कला दीवारी नृत्य का सजीव चित्रण, प्रमुख स्थलों पर भव्य रंगोली और आकर्षक आतिशबाजी भी की जायेगी। जिलाधिकारी चित्रकूट पुलकित गर्ग ने कहा कि चित्रकूट गौरव दिवस जन-भावनाओं का प्रतीक है। उन्होंने सभी सरकारी विभागों, सामाजिक संगठनों और मीडिया प्रतिनिधियों को आपसी सहयोग से इस गौरवशाली आयोजन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के निर्देश दिए।

## कोई भी बच्चा प्राथमिक शिक्षा से वंचित न रहे

कार्यालय संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण का कार्यक्रम नगर में स्थित एक गेस्ट हाउस में संपन्न हुआ। जिसमें ग्राम प्रधान एवं प्रधानाध्यापकों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि बच्चों की प्राथमिक शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए राष्ट्रीय स्तर के संसाधन सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं। विद्यालयों का कायाकल्प किया गया है, जिससे कोई भी बच्चा प्राथमिक शिक्षा से वंचित न रह सके। विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन ने निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।



कार्यक्रम में बोलते वक्ता। अमृत विचार

- ग्राम प्रधान और प्रधानाध्यापकों ने किया प्रतिभाग

बीईओ ज्ञान प्रकाश अवस्थी ने ब्लॉक क्षेत्र में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। एसआरजी अभिलाष तिवारी ने निपुण भारत मिशन पर कार्यशाला का उन्मुखीकरण किया। एआरपी दीपेंद्र कुमार ने डीबीटी एवं शारदा कार्यक्रम की जानकारी दी। एआरपी शिव कुमार ने प्री प्राइमरी शिक्षा के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन नोडल शिक्षक आलोक खरे ने किया। इस मौके पर शिक्षाविद् डॉ. नितिन मित्तल, प्रभात कुमार, बीडीओ प्रशांत कुमार, अभिलाष तिवारी, रोहित त्रिपाठी, रीनू पाल, सारिका सिंह, रमाकांत द्विवेदी, अरविंद श्रीवास्तव, सौरभ खरे, विद्यासागर मिश्र, नरेश निरंजन, सुनील निरंजन, लालजी आदि रहे।



कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। अमृत विचार

## सामूहिक विवाह : 116 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ

कार्यालय संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत शुक्रवार को नवीन गल्ला मंडी परिसर में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इसमें ब्लॉक एवं नगर क्षेत्र के कुल 116 जोड़ों ने एक-दूसरे का हाथ थामा।

शुक्रवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी उपस्थित रहे। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों के लिए एक बड़ी राहत है, जिससे वे सम्मानपूर्वक अपने बच्चों का विवाह कर पा रहे हैं। उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में एकता और सहयोग की भावना मजबूत होती है। नवीन गल्ला मंडी में नीलामी चबूतरे पर आयोजित कार्यक्रम में मंडपों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और सभी जोड़ों के विवाह विधि-विधान के साथ संपन्न कराए गए। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वर-वधू पक्ष के परिजनों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। प्रशासन द्वारा सभी नवविवाहित जोड़ों को सरकार की ओर से निर्धारित उपहार एवं आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, ईओ सुशील कुमार, मंडी सचिव अंकित गुप्ता एवं बीडीओ प्रशांत कुमार, सभासद मालखान दोहरे आदि ने नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया।

**आयोजन**

भजन व योग के साथ मनाया नव संवत्सर

# भावांजलि देकर की विश्व कल्याण की कामना

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** संस्कार भारती ,चित्रकूट के तत्वावधान में नव संवत्सर महोत्सव 'भोर के सुर ' विक्रमी संवत 2083 का आयोजन चित्रकूट के ऐतिहासिक रामघाट पर किया गया। कार्यक्रम में शास्त्रीय संगीत रोहन पांडे द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने अपने विभिन्न रागों के माध्यम से वातावरण को भक्ति मय कर दिया। तत्पश्चात जगदगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के योगाचार्य तथा संस्कार भारती के सचिव जितेंद्र प्रताप सिंह ने उपस्थित जन समूह को योगाभ्यास के माध्यम से नव संवत्सर की शुभकामनाएं प्रस्तुत की ।

तत्पश्चात उपस्थित सभी श्रद्धालुओं एवं जनमानस ने भगवान भास्कर को मां मंदाकिनी के पावन तट पर जल से भावांजलि देकर विश्व कल्याण की कामना की। इस अवसर पर संस्कार भारती के द्वारा खूबसूरत रंगोली भी सजाई गई, जिसमें संध्या पांडेय, अर्चना, जयवीर, शीला देवी ने सराहनी सहयोग प्रदान किया।

इससे पूर्व सनातनी नव वर्ष की पूर्व संध्या पर भजन संध्या एवं कवि सम्मेलन का भी आयोजन हुआ। भजन संध्या का आयोजन नगर की संगीत को समर्पित संस्था आनंदेश्वर संगीत अकादमी के सहयोग से किया गया, जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा भक्ति मय भजन व संगीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर अपर जिलामजिस्ट्रेट अरुण कुमार, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, संस्कार भारती के प्रांतीय मंत्री डॉ गोपाल कुमार मिश्र, डॉ विवेक फडनीश, गायत्री शक्तिपीठ चित्रकूट के व्यवस्थापक रामनारायण त्रिपाठी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह अतुल सिंह, संस्कार भारती के,जिला अध्यक्ष डॉ. रजनीश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ. प्रमिला मिश्रा, संतोष मिश्रा, डॉ सचीनद्र उपाध्याय, प्रो. विनोद शंकर सिंह, डॉ विनोद कुमार मिश्र, डॉ मनोज द्विवेदी ,गणेश मिश्र, विजय नारायण गर्ग , विनय पांडेय आदि उपस्थित रहे। इसके पश्चात उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के जिलाध्यक्ष एवं संस्कार भारती चित्रकूट के उपाध्यक्ष डॉ.मनोज द्विवेदी के संयोजन में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया




अतिथि को सम्मानित करते आयोजक। अमृत विचार

